* ओड़िशा संस्करण

27 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 247

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


हिमाचल में बादल फटने और भूस्खलन की आशंका, पर्यटकों के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी








## उत्तरी छोटानागपुर और संथाल के आयुक्त बदले

**रांची (आजाद सिपाही संवाददाता)।** झारखंड सरकार ने दो आइएएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इससे संबंधित अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गयी। इसके अनुसार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की विशेष सचिव सुमन कैथरीन किस्पोट्टा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। वहीं, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के विशेष सचिव लालचंद डाडेल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक संथाल परगना का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है।

### हेमंत कैबिनेट ने दी राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति

# 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पदों पर की जायेगी नियुक्ति

- पिछड़ा आयोग तय करेगा निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण
- आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं को स्मार्ट फोन देने को मंजूरी
- वकालतनामा, शपथ पत्र आदि के लिए स्टांप पेपर शुल्क अब 30 रुपये
- नामकुम में अपोलो अस्पताल के लिए पौने तीन एकड़ जमीन मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसके तहत राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित किये गये, जिन पर नियुक्ति की जायेगी। इनमें 1890 लिपिक और 2079 कर्मी होंगे। इसके अलावा प्रधानाध्यापक के भी पद होंगे। कैबिनेट में लिये गये फैसलों को जानकारी विभागीय सचिव वंदना डाडेल ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने झारखंड राज्य दिव्यांग अधिकार नियमावली 2023 को बनाने की भी स्वीकृति दी है। इसके अलावा राज्य की 29834 आंगनवाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं को स्मार्ट फोन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। एक स्मार्टफोन की कीमत आठ हजार रुपये होगी। एक अन्य फैसले के तहत झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि कोष अधिनियम में संशोधन करते हुए वकालतनामा, शपथ पत्र इत्यादि के लिए स्टांप पेपर में लगनेवाला 15 रुपये का शुल्क अब 30 रुपये कर दिया गया है। यह राशि अधिवक्ता कल्याण कोष में जायेगी।

### कैबिनेट में अन्य प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- कैबिनेट ने रांची में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 150 एकड़ भूमि 99 वर्ष की लीज पर देने के अतिरिक्त उसी भूमि पर मेडिकल कॉलेज बनाने की योजना की स्वीकृति दी है।
- कैबिनेट में पंचायतों को डिजिटल करने की योजना की भी स्वीकृति मिली। इसके अलावा पथ निर्माण से जुड़ी योजनाओं की भी मंजूरी दी गयी।
- कैबिनेट ने कारखाना अधिनियम 2023 की मंजूरी दी। इसके तहत महिला भी रात के 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक कार्य कर सकेगी, कारखाना में पूरी सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए।
- कैबिनेट ने इसके अलावा भारत सरकार के उपकरण भारत प्रतिभूति मुद्रणालय नासिक को शराब के बोतलों में होलोग्राम देने के लिए मनोनयन के रूप में चयन किया है। पहले यह कार्य प्रिज्म कंपनी को मिला था, जिसे रद्द कर दिया गया है।
- कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राज्य के न्यायिक पदाधिकारी को पेंशन और पारिवारिक पेंशन में वृद्धि की है।
- सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची तक पहुंच पद के लिए नये सिरे से तीन करोड़ की योजना की मंजूरी दी गयी। इसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है।
- श्रावणी मेला के लिए 6.87 करोड़ की राशि सदर अस्पताल देवघर को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दी गयी है। इसके अलावा देवघर में और दुमका में 50 से अधिक ओपी खोलने की मंजूरी दी गयी।
- रांची सिविल सर्जन विनोद कुमार को 2022 में दिये गये निंदन के दंड को यथावत रखने का फैसला किया गया है।
- विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत गोला डिग्री महाविद्यालय के कार्य के लिए 25 करोड़ रुपये दिये गये।
- झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य मद से सहायता के लिए तीन करोड़ 38 लाख रुपये स्वीकृत किये गये।

### पिछड़ा आयोग को मिली निकाय चुनाव के लिए ट्रिपल टेस्ट की जिम्मेवारी

कैबिनेट ने राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति दी। बैठक में ही नगर निकाय चुनाव कराने के पहले ओबीसी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने पर निर्णय हुआ। राज्य पिछड़ा आयोग को ही इसकी जिम्मेवारी दी गयी। आयोग पूरे राज्य में सर्वे करके सरकार को रिपोर्ट देगा, जिसके आधार पर ही निकाय चुनाव कराये जायेंगे।

### अपोलो अस्पताल के लिए मिली जमीन

कैबिनेट ने रांची नगर निगम द्वारा डोरंडा के घाघरा में दिये गये 2.83 एकड़ भूमि के आवंटन को रद्द करते हुए नामकुम अंचल के कल्याणपुर मौजा में 2.75 एकड़ जमीन अपोलो अस्पताल बनाने के लिए लीज पर देने की मंजूरी दी। यह जमीन 99 वर्षों के लिए अपोलो अस्पताल को लीज पर दी जायेगी, जिसके लिए 12.52 करोड़ रुपये लिये जायेंगे। लीज समाप्ति के बाद उस वक्त के बाजार मूल्य से 10 फीसदी राशि लेकर फिर से लीज का नवीकरण किया जायेगा। वार्षिक लीज रेंट 0.5% रखा गया है। डोरंडा के घाघरा में अस्पताल निर्माण के लिए रास्ता नहीं मिलने की वजह से अपोलो प्रबंधन ने राज्य सरकार से दूसरी जगह जमीन आवंटित करने का आग्रह किया था।

**श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के लिए मास्टर प्लान में संशोधन :** कैबिनेट ने रांची मास्टर प्लान 2037 में संशोधन किया है और एचइसी के कुटे के मौजा लाबेद में कुल 24.59 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित स्थल से गुजरने वाली सड़क की चौड़ाई 60 फीट के स्थान को परिवर्तित कर दिया है। इस मौजा में श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के भवन के लिए जमीन दी जायेगी।

# रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन को आज पीएम दिखायेंगे हरी झंडी

### सीएम हेमंत सोरेन को डीआरएम ने किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची और पटना के बीच चलनेवाली वंदे भारत ट्रेन को मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। सुबह 10.30 बजे होनेवाले इस कार्यक्रम के मौके पर रांची में एक समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण दिया गया है। सोमवार को रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने उनसे मुलाकात की और आमंत्रण दिया। इस ट्रेन का नियमित परिचालन बुधवार से होगा।

### यह है टाइम टेबल

यह ट्रेन मंगलवार छोड़कर बाकी छह दिन चलेगी। इसका ठहराव गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना और मेसरा में होगा। यह ट्रेन पटना से सुबह सात बजे खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची पहुंचेगी। वहीं रांची से 4:15 बजे खुलेगी और रात 10:05 बजे पटना पहुंचेगी। पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन का नंबर 22349 है, जबकि रांची-पटना का नंबर 22350 है। इस ट्रेन की टिकट की बुकिंग शुरू हो गयी है। रांची से पटना का किराया चेयर कार के लिए 1175 रुपये और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2110 रुपये है। रांची से पटना के बीच चेयर कार के लिए कुल 411 सीटों की बुकिंग होगी, वहीं एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 37 सीट है। पटना से रांची के बीच चेयर कार की 423, एग्जीक्यूटिव क्लास की 40 सीटें हैं।

### चौथा ट्रायल सफल

सोमवार को इस ट्रेन का चौथा ट्रायल सफल रहा। सुबह 4:15 बजे पटना से रवाना हुई यह ट्रेन निर्धारित समय से पांच मिनट पहले रांची पहुंच गयी। अंतिम ट्रायल में रेलवे के अधिकारी और मीडिया के लोगों को शामिल किया गया।

### वंदे भारत ट्रेन की खासियत

ट्रेन में सफर करने के दौरान कई तरह की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। ट्रेन में सबसे आकर्षण वाली बात यह है कि अगर ट्रेन में कोई सफर कर रहा हो और उसे कुछ पढ़ने का मन करे तो जिस तरह फ्लाइट में सिंगल चेयर पर लाइट बटन होता है , उसी तरह की सुविधा इस ट्रेन में भी है। इसमें रिवाल्विंग चेयर भी है। एक साथ अगर फैमिली टिकट कराती है, तो बीच में डाइनिंग स्पेस भी है।

## सिंफर में 137 करोड़ का घोटाला, पूर्व निदेशक और मुख्य वैज्ञानिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सीबीआइ ने केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) के पूर्व निदेशक पीके सिंह और मुख्य वैज्ञानिक एके सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने उन पर कोयला नमूना परियोजनाओं के लिए 137 करोड़ के बौद्धिक शुल्क के वितरण में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि लाइब्रेरियन, एमबीबीएस डॉक्टरों और तकनीकी अधिकारियों सहित अपात्र व्यक्तियों को उनके योगदान के बिना पैसे का भुगतान किया गया था। सीबीआइ ने कहा कि उन्हें विभिन्न कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले कोयले की गुणवत्ता की जांच के लिए परियोजनाओं में पैसे का भुगतान किया गया था, जबकि उनका नवोन्मेषकों (इनोवेटर्स) और प्रमुख योगदानकर्ताओं की श्रेणी में कोई योगदान नहीं था। आरोप है कि एसके सिंह को कोयला परियोजनाओं के बौद्धिक शुल्क से 15.36 करोड़ रुपये मिले, जबकि एके सिंह ने 9.04 करोड़ रुपये प्राप्त किये। उन्होंने सीआइएस के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 2005 और 2017 में तकनीकी हस्तांतरण और जानकारी के आधार पर यह पैसा हासिल किया।

## रांची सीओ ने इडी को सौंपे दस्तावेज, जेल अधीक्षक से पूछताछ आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विभिन्न जमीन सौदों की जांच कर रही इडी को सोमवार को रांची सदर अंचल के सीओ अमित भगत ने कई दस्तावेज सौंपे। इनमें चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल द्वारा हाल के दिनों में खरीदी गयी जमीन के दस्तावेज शामिल हैं। इडी की टीम ने उनसे पूछा कि कारोबारी द्वारा किये गये जमीन सौदों की मंजूरी देने के लिए उन पर दबाव डाला गया था या नहीं।

**आज होगी जेल अधीक्षक की पेशी :** होटवार जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर मंगलवार को इडी के सामने पेश होंगे। इडी उन्हें जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की मुलाकात कराने के बारे में सवाल करेगी। इसके अलावा उनसे यह भी पूछा जायेगा कि किसके कहने पर उन्होंने जेल में बंद कुछ कैदियों को नियम से अलग सुविधाएं दीं और जेल का सीसीटीवी फुटेज कैसे गायब हो गया।

### अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने इडी कोर्ट से मांगी बेल, 1 को सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपी कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने इडी कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है। इनकी जमानत याचिका पर सुनवाई एक जुलाई को होगी। बता दें कि इडी ने दोनों को सात जून को कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

### वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों से पांच दिन होगी पूछताछ

**रांची।** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद को इडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर भेजा है। इडी ने इन्हें मनी लांड्रिंग केस में गिरफ्तार किया है। अब इडी इनसे पांच दिन तक पूछताछ करेगी। इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने सोमवार को इसकी अनुमति दे दी। इडी की ओर से तीनों आरोपितों की छह दिनों की रिमांड मांगी गयी थी। नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद की ओर से अधिवक्ता सौरव पांडेय ने विरोध किया। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस करते हुए कहा कि तीनों आरोपितों की मनी लांड्रिंग में महत्वपूर्ण भूमिका है।

## जरूरत पड़ी, तो सीमा पार जाकर मारेंगे: रक्षा मंत्री

### आतंकी हमलों के बाद पीएम ने 10 मिनट में सर्जिकल स्ट्राइक का फैसला लिया था

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को जम्मू विश्वविद्यालय के जनरल जोरावर सिंह ऑडिटोरियम में सिक्योरिटी कॉनक्लेव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है। भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी, तो सीमा के उस पार भी मार सकता है। उन्होंने कहा कि उरी और पुलवामा की घटना के वक्त वह गृह मंत्री थे। जब वह शहीद जवानों का शव अपने कंधे पर लेकर आगे बढ़े, तो जो स्थिति थी, उसे शब्दों में बयान नहीं कर सकते हैं। इन घटनाओं के बाद पीएम मोदी के साथ एक बैठक हुई। उन्होंने कहा, मैं पीएम की इच्छाशक्ति की सराहना करना चाहूंगा कि उन्होंने 10 मिनट के अंदर फैसला कर लिया। इसके बाद आपने देखा कि हमारे जवानों ने सीमा के इस पार ही नहीं, बल्कि उस पार जाकर आतंकवादियों का सफाया करने में कामयाबी हासिल की। इसके साथ ही भारत ने दुनिया को ये मैसेज दिया कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। भारत अब ताकतवर बनता जा रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि नौ साल में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा, भारत का कद



बढ़ा है। पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था, तो उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री को ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री 'बॉस' कह कर बुलाता है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेते हैं। पैर छूना कोई छोटी बात नहीं है। यह केवल प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं है, बल्कि यह पूरे भारत और भारतवासियों का सम्मान है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी थी, तो भारत दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में 10वें-11वें स्थान पर था, लेकिन नौ साल में हम पांचवें पायदान पर आ गये हैं। मॉर्गन स्टेनली नाम की एक फाइनेंशियल फर्म है, जो भारत को कमजोर अर्थव्यवस्था मानती थी। 2013 में इस फर्म ने एक नाम दिया था- फ्रेजाइल फाइव, यानी लड़खड़ाती हुई कमजोर अर्थव्यवस्था वाला देश। इनमें ब्राजील, इंडोनेशिया, साउथ अफ्रीका के साथ भारत का भी नाम रखा गया था। अब मॉर्गन स्टेनली फर्म कहती है कि इस बात की संभावना है कि 2027 तक भारत टॉप-तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के कमजोर होने की जो धारणा थी, वह अब धीरे-धीरे खत्म हो गयी है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# मणिपुर की हिंसा का काला सच, जिस पर सब मौन हैं

## ▪ जाति-धर्म के साथ नशीले पदार्थों के सौदागरों ने हिंसा भड़कायी है इस राज्य में

## ▪ राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए सोच-समझ कर रची गयी है साजिश

## ▪ अभी नहीं चेते, तो खतरे में पड़ जायेगी इस देश की एकता और अखंडता

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में एक सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, आगजनी की डेढ़ हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और लाखों लोग पलायन कर चुके हैं। सेना और सुरक्षा बल लगातार इस स्थिति पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके हथियार लूट लिये जा रहे हैं और उनकी गिरफ्त से आरोपियों को छुड़ा लिया जा रहा है। पूर्वोत्तर के इस खूबसूरत राज्य में आखिर इतनी अशांति क्यों फैल गयी है कि लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गये हैं। कुछ ही महीने पहले चुनी गयी अपनी सरकार के खिलाफ वे बगावत पर उतारू हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि देश के बाकी हिस्सों में मणिपुर की चर्चा तक नहीं हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में किसी भी राजनीतिक दल ने इस हिंसा के पीछे के कारणों के बारे में कुछ नहीं कहा। मुख्यधारा की मीडिया तक में इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है, क्योंकि इससे एक बड़ी साजिश का खुलासा हो सकता है। दरअसल, मणिपुर की इस हिंसा के पीछे राज्य में लगातार बढ़ रही धार्मिक असहिष्णुता और जातीय मतभेदों के साथ नशीली दवाओं के सौदागरों के नेटवर्क का हाथ है, जो राज्य की भाजपा सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान को हर कीमत पर विफल करने की कोशिश में जुटा हुआ है। राज्य के कुकी और मैतेई समुदाय के बीच शुरू हुई हिंसा ने अब अराजकता का रूप ले लिया है। इस पर तत्काल नियंत्रण पाना जरूरी है, क्योंकि स्थिति अब हाथ से बाहर निकलती जा रही है। मणिपुर की हिंसा का असर देश के दूसरे हिस्सों में भी पड़ सकता है और इससे देश की एकता और अखंडता को खतरा पैदा हो सकता है। मणिपुर हिंसा से जुड़े तमाम पहलुओं को उजागर कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

मणिपुर पिछले करीब एक महीने की हिंसा के बाद पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है। स्थिति अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं है, लेकिन मणिपुर के बाहर के लोगों के लिए इस हिंसा की वजहों को समझना भी आसान नहीं है। देश के पूर्वोत्तर भाग में स्थित करीब 50 लाख की आबादी वाला यह राज्य इतना अशांत क्यों है, इसका कारण समझने के लिए इतना ही जानना काफी है कि इस अशांति की वजह इस इलाके में चल रहे धर्मांतरण के खेल और नशीली दवाओं के नेटवर्क के खिलाफ हाल के दिनों में शुरू किये गये अभियान हैं।

मणिपुर में इसी साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव हुए और एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। इस सरकार ने राज्य में धर्मांतरण करा रहे धार्मिक संगठनों और नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार करना शुरू किया। उसके बाद मई की शुरुआत से मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू हो गया। प्रत्यक्ष तौर पर मई के पहले सप्ताह में मैतेइ समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने के कदम के विरोध में जनजातीय कुकी समुदाय की एक रैली के बाद हिंसा फैली। 3 मई की यह रैली मणिपुर के सभी पहाड़ी जिलों में निकाली गयी थी। इसके बाद सुनियोजित ढंग से मणिपुर के व्यापक क्षेत्रों में हिंसा फैलती गयी। हिंसा प्रभावित मुख्य इलाके तोरबंग बांग्ला, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल हैं। इन जिलों के सभी मैतेई बसावट वाले क्षेत्रों, गांवों, पहाड़ी और घाटी जिलों के आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

### गहरी हैं समस्या की जड़ें

मणिपुर की वास्तविक समस्या न केवल बहुत उलझी हुई है, बल्कि उसकी जड़ें भी बहुत गहरी हैं। इसे समझने के लिए इसकी पृष्ठभूमि में जाना होगा। मणिपुर में दो मुख्य जातियां हैं, मैतेइ और कुकी। मैतेई अधिकांशतः हिंदू हैं। 10-15 प्रतिशत मैतेई इसाई तथा मुस्लिम भी हैं और 55-60 प्रतिशत होने के नाते बहुसंख्यक कहे जाते हैं। दूसरा बड़ा समुदाय कुकी जाति का है, जो लगभग सभी इसाई हैं और 40 प्रतिशत होने के नाते अल्पसंख्यक कहे जाते हैं। मैतेइ घाटी में रहते हैं, जिनमें राजधानी इंफाल भी शामिल है। घाटी मणिपुर का मात्र 20-25 प्रतिशत भू-क्षेत्र है। कुकी बहुत विकसित जनजाति है। इनकी लगभग शत-प्रतिशत बसावट पहाड़ियों पर है, जो मणिपुर का 75-80 प्रतिशत भूमि क्षेत्र है। हालांकि अब घाटी और मैदानी क्षेत्रों में भी कुकी रहने लगे हैं।

### आबादी और जमीन का असंतुलन

विवाद का एक स्रोत जनसंख्या और जमीन का असंतुलन है। 60 प्रतिशत मैतेइ जनसंख्या 20-25 प्रतिशत भूमि क्षेत्र में रह रही है, जबकि 40 प्रतिशत कुकी जनसंख्या 75-80 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पर रह रही है। इस कारण राज्य सरकार ने मैतेइ समुदाय की अनुसूचित स्थिति में परिवर्तन पर विचार करने की बात कही। जब तक मैतेइ को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाता, उन्हें पहाड़ियों में जमीन खरीदने और बसने की पात्रता नहीं मिल सकती है। कानून के अनुसार केवल अनुसूचित जनजातियां ही पहाड़ियों में बस सकती हैं। टकराव का दूसरा पहलू नौकरियों से सीधे तौर पर नहीं जुड़ता है, जैसा कि आम तौर पर समझा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि मात्र 50 लाख जनसंख्या वाले मणिपुर में एक हजार से अधिक सरकारी नौकरियां नहीं हैं और उनके लिए भी कुकी और मैतेइ प्रतिस्पर्धा करनी होगी। भूमि के अलावा अन्य वास्तविक कारण थोड़े जटिल हैं। इनमें ड्रग्स, पोस्ते की खेती, हथियार, म्यांमार में इसाई विद्रोह, पूर्वोत्तर में चर्च की भूमिका, चीन, रोहिंग्या, मणिपुर-म्यांमार-लाओस-कंबोडिया-थाइलैंड का ड्रग व्यापार जैसे उलझे हुए मामले शामिल हैं।






### मादक पदार्थों का मजबूत नेटवर्क

मादक पदार्थों के उत्पादन का विश्व का सबसे बड़ा केंद्र पहले मेक्सिको, मध्य और दक्षिण अमेरिका था। 1990 के दशक में यह केंद्र अफगानिस्तान-पाकिस्तान हो गया। खुफिया सूत्रों के अनुसार मणिपुर-नागालैंड-म्यांमार के इसाई गठजोड़ की कोशिश है कि मादक द्रव्यों के उत्पादन और कारोबार का वैश्विक केंद्र मणिपुर-नागालैंड-म्यांमार के पहाड़ हो जायें। म्यांमार-थाइलैंड-लाओस-कंबोडिया में होनेवाले ड्रग उत्पादन को यूरोप और अमेरिका के बाजारों तक पहुंचने के लिए जिस रास्ते की तलाश हो सकती है, मणिपुर उसमें अहम हो सकता है। यह आश्चर्य की बात हो सकती है, क्योंकि भारत इन सभी देशों से भूमि मार्ग से जुड़ा हुआ है।

वर्ष 2007 में खुफिया सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी कि मणिपुर की पहाड़ियों के जंगलों में लगभग दो हजार एकड़ भूमि का उपयोग पोस्ता (अफीम) की खेती के लिए किया जा रहा था। 2013 में फिर संशोधित रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जिसमें बताया गया कि 19 हजार एकड़ के पहाड़ी जंगलों में पोस्ते की खेती की जा रही है। संयोग से दोनों रिपोर्ट यूपीए-1 और यूपीए-2 के शासनकाल में आयी थी। स्थिति और अधिक जटिल इस कारण हो जाती है कि म्यांमार के रखाइन प्रांत से रोहिंग्या 360 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश कर रहे थे, जो मूल रूप से कुकी नियंत्रित पहाड़ी क्षेत्र में पड़ती है।

### यहीं से शुरू होता है धार्मिक संगठनों का खेल

इस इलाके में आसानी से प्रवेश करने की अनुमति के बदले में ये रोहिंग्या क्या दे रहे थे? वास्तव में यहां से पूर्वोत्तर में सक्रिय धार्मिक संगठनों की भूमिका अहम हो जाती है। कुकी क्षेत्र में मौजूद एक खास धर्म से संबंधित ड्रग माफिया को ड्रग उत्पादों को लाओस, कंबोडिया, थाइलैंड और म्यांमार से बाहर निकलने के मार्गों तक ले जाने के लिए ड्रग्स ढोने वालों की जरूरत होती है, जिन्हें 'ड्रग म्यूल्स' कहा जाता है। बदले में इन धार्मिक संगठनों से समर्थित कुकी ड्रग माफिया उनके (रोहिंग्या) परिवारों को म्यांमार-मणिपुर-नागालैंड की खुली सीमाओं से भारत में सुरक्षित प्रवेश करने देता है। यही स्थिति नागालैंड में नागा ड्रग माफिया की है, जिसका नगालैंड में पोस्ते की खेती और नशीली दवाओं के व्यापार पर शत-प्रतिशत नियंत्रण है। नागालैंड की भी म्यांमार के साथ खुली सीमा है।

### भाजपा सरकार ने कसी नकेल

केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकारें बनने के बाद दोनों राज्यों में बढ़ती नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए कार्य शुरू हुआ। मणिपुर में भाजपा के लिए अपने दम पर सरकार बनाना पहली आवश्यकता थी। यह काम होने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मई 2022 में 'वॉर आन ड्रग्स 2.0' ऑपरेशन शुरू किया। असम राइफल्स की मदद से चले इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता मिल रही थी। मैतेइ को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलवाना इसी ऑपरेशन का दूसरा चरण था, ताकि मैतेइ समुदाय को पहाड़ियों में बसने के लिए सक्षम बनाया जा सके और वहां चल रही अफीम की खेती पर अंकुश रखा जा सके।

इस ऑपरेशन के कारण धार्मिक संगठन समर्थित ड्रग माफिया नेटवर्क पहले से ही बुरी तरह घिर चुका था और दबाव में था। असम राइफल्स ने उसका जीना मुश्किल कर दिया था। ऐसे में बीरेन सिंह के इस नये कदम को ड्रग माफिया ने युद्ध के संकेत के रूप में लिया। कुकी लोगों को भड़काया गया। यही मुख्य कारण था कि रैली के बाद हजारों कुकी घाटी में तबाही मचाने के लिए उतर पड़े। जब मैतेइ ने भी उतनी ही बड़ी संख्या में जवाबी कार्रवाई की तो स्थिति बदल गयी। स्थिति ऐसी बदली कि हिंसा बढ़ने पर सरकार को सेना बुलानी पड़ी। सेना तैनात होते ही केंद्र सरकार रोहिंग्या घुसपैठ पर नकेल कसने में और सक्षम हो गयी। सेना मणिपुर-म्यांमार और नागालैंड-म्यांमार सीमाओं तक पहुंच गयी, जो घुसपैठ का मुख्य रास्ता है और जिसके बूते रोहिंग्याओं के साथ इसाइ कुकी और नागा ड्रग माफियाओं के बीच पारस्परिक समझौता चलता आ रहा था। यह ड्रग माफिया के लिए दम घुटने जैसी बात थी। दूसरे, पहाड़ी जंगलों में चल रही अफीम की विशाल खेती पर भी सेना का अंकुश लग गया।

मणिपुर की वर्तमान अशांति में निहित यह सकारात्मक संकेत माना जा सकता है कि अब इन मार्गों से घुसपैठ और ड्रग्स का उत्पादन और आपूर्ति ठप हो गयी है। लेकिन अब इस स्थिति पर काबू जरूरी है, क्योंकि यह बीमारी कैंसर की तरह फैल रही है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों और सरकारों को एकजुट होकर इस बड़ी साजिश के खिलाफ खड़ा होना होगा, वरना देश की एकता और अखंडता को खतरा हो सकता है।

---

# बेटे ने सौतेली मां औ पिता की गोली मार कर की हत्या


## पिता को मारी आठ गोलियां, मां को तीन, दोनों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** सौतेले बेटे ने अपनी मां और पिता की अंधाधुंध गोली मार कर हत्या कर दी। घटना साहिबगंज के जिरवाबारी थाना क्षेत्र के धोबी झरना के समीप स्थित भवनाथपुर कॉलोनी की है। पारिवारिक विवाद में बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### पति-पत्नी की मौत

गोली पप्पू यादव के बेटे ने चलायी। आसपास रहनेवालों ने जब गोलियां की आवाज सुनी, तो पति और पत्नी को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पति को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया था, जहां उनकी भी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक



अनुरंजन किस्पोट्टा, सदर डीएसपी राजेंद्र दुबे, जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की।

### पारिवारिक विवाद में मारी है गोली

पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि यह घटना पारिवारिक विवाद से जुड़ी है। सुमित यादव उर्फ पप्पू यादव, उम्र 46 वर्ष सकरीगली रामपुर करारा निवासी अपनी पत्नी मिली सिंह और बेटी मनीषा के साथ रविवार की देर रात किसी रिश्तेदार के घर से खाना खाकर लौटे थे। पहले से घात लगाये कुछ लोगों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पप्पू यादव को कुल आठ गोलियां लगीं। पत्नी मिली सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। पप्पू यादव की दूसरी पत्नी मिली के माथे पर तीन गोली मारी गयी थी। गोली मारने का आरोप दंपति के सौतेले पुत्र पर लग रहा है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया की घटना देर रात की है। घटना के कारण के संबंध में उन्होंने कहा कि यह पारिवारिक विवाद के कारण हुई है। गोली मारनेवालों को चिह्नित कर लिया गया है। घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

---

# लोकेश चौधरी सहित दो अन्य दोषी करार

**अग्रवाल बंधु हत्याकांड**

**30 जून को सजा के बिंदु पर कोर्ट में होगी सुनवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के चर्चित अग्रवाल बंधु हत्याकांड मामले में आरोपी लोकेश चौधरी को दोषी करार दिया गया है। इसके साथ ही धर्मेंद्र तिवारी, सुनील सिंह को कोर्ट ने दोषी माना है। अब अगली सुनवाई 30 जून को होगी। इस दिन सजा के बिंदु पर सुनवाई की जायेगी।

**19 गवाही दर्ज की गयी**

सुनवाई के समय कोर्ट में सभी आरोपी उपस्थित थे। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। पुलिस की ओर से पेश किये गये साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर लोकेश चौधरी सहित दो अन्य को दोषी माना गया है। पूरी सुनवाई के दौरान 19 गवाहों की गवाही दर्ज की गयी है।

**क्या है मामला :** लालपुर के मुक्ति शरण लेन के शिवम अपार्टमेंट निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या साल 2019 में पैसे की लेन-देन में अशोक नगर स्थित साधना न्यूज चैनल के ऑफिस में कर दी गयी थी। तब पुलिस की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार 6 मार्च 2019 को दोनों भाई दिन के साढ़े चार बजे घर से निकले थे, जिसके बाद उनकी हत्या की जानकारी मिली थी।

**अरगोड़ा थाने में दर्ज हुई थी प्राथमिकी**

बताते चलें कि साधना न्यूज के चैनल में विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। 9 मार्च 2020 को उसने कोर्ट में सरेंडर किया था।

---

## मामला अवैध खनन का, सदर एसडीओ ने दर्ज कराया केस

# भाजपा नेता बजरंगी यादव पर प्राथमिकी

**डीसी ने 3 करोड़ 24 लाख का भारी भरकम जुर्माना लगाया, पत्थर माफियाओं में मचा हड़कंप**

**जब्त पोकलेन, हाइवा का हो रहा था इस्तेमाल, स्टोन क्रशर और माइंस सील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव पर सदर एसडीओ राहुल जी आनंद जी ने सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को खान और खनिज विकास एवं विनियम 1957 की घारा 04(1) एवं 1ए एवं सहित भारतीय दंड संहिता की घारा 379, 175,414 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। बताते चलें कि रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी और जिला खनन पदाधिकारी विभुति कुमार पुलिस बल के साथ खनन टाक्स फोर्स लेकर अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम हेतु औचक निरीक्षण पर निकले थे।

निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति के बजरंगी प्रसाद यादव द्वारा वैगन ड्रिल से बोरिंग कर पोकलेन, जेसीबी, हाइवा से पत्थर का परिवहन किया जा रहा था। अनुमंडल पदाधिकारी ने बजरंगी प्रसाद यादव के स्टोन क्रशर व माइंस को सील करते हुए मेन गेट पर ताला मारते हुए सील संबंधी नोटिस चिपका दिया। विदिति हो की बजरंगी प्रसाद यादव पर अवैध खनन को लेकर जिले के डीसी रामनिवास यादव ने तीन करोड़ चौबीस लाख का भारी भरकम जुर्माना लगाया है तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी बजरंगी प्रसाद यादव पर 74 लाख रुपये का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना लगाया है। जिला प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई से पत्थर माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## उद्योग सचिव को झारखंड हाइकोर्ट में हाजिर होने से मिली राहत

रांची(आजाद सिपाही)। मोंगिया हाइटेक प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने उद्योग सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार की ओर से उद्योग सचिव को कोर्ट में उपस्थिति से छूट देने के लिए आवेदन दाखिल किया। सरकार के अपर महाधिवक्ता के आग्रह को अदालत ने स्वीकार करते हुए उद्योग सचिव को सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान कर दी। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोई अधिवक्ता कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ था, जिसके बाद अदालत ने उद्योग सचिव को सशरीर हाजिर होकर बहस करने का निर्देश दिया था। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 °c | 20.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



# भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है राजभवन: स्पीकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राजभवन भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। यह गंभीर आरोप लगाया है झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने। एक ट्वीट कर उन्होंने साफ लिखा है कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी झारखंड मुक्ति मोरचा के केंद्रीय महासचिव राजभवन पर यह गंभीर आरोप लगा चुके हैं।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले रवींद्रनाथ महतो

झारखंड मुक्ति मोरचा के कार्यकर्ता सम्मेलन में रवींद्रनाथ महतो ने कहा, जनसंख्या के वक्त यह पता चल सके कि देश में आदिवासी भाई बहनों की संख्या कितनी, इसके लिए सरना धर्म कोड की मांग थी। विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित करने के बाद राजभवन भेजा गया। राजभवन ने बिल को लौटा दिया। यदि यह धर्म कोड पारित हो जाता, तो पता चल सकता था कि देश में आदिवासी भाई-बहनों की संख्या कितनी है। आज तक यह बिल पास नहीं हुआ।

## पहचानिए कौन दोस्त है, कौन दुश्मन

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, झारखंड मुक्ति मोरचा के आंदोलन में घोषणापत्र में यह बात है। हम लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं। हम नारा लगा चुके हैं झारखंडी की हो पहचान। मुख्यमंत्री ने 1932 के खतियान विशेष सत्र बुला कर राजभवन को भेजा। राजभवन ने उस बिल को वापस कर दिया। राजभवन किसके इशारे पर चलता है, यह पता करना होगा। पिछड़ा वर्ग के आक्षण को 27 प्रतिशत कर दिया। यह किसका संकेत है। कौन दुश्मन है, कौन दोस्त है समझना चाहिए।

## 60-40 क्या है रवींद्रनाथ महतो ने समझाया

इस दौरान रवींद्रनाथ महतो ने 60-40 को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी। अगर लिखा होगा कि संताली भाषा, झारखंड के इतिहास के संबंध में जानकारी मांगी जायेगी, तो क्या बाहरी सकेंगे। समारोह में रवींद्रनाथ महतो ने कहा, हर दिन कोई ना कोई मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने आ रहा है। युवाओं को नौकरियां दी जा रही है। अभी पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बाटा गया है।

## राजभवन पर आरोप लगाता रहा है झामुमो

राजभवन पर लगे आरोप पहली बार नहीं हैं। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी इससे पहले राजभवन पर आरोप लगाये थे। एक बार फिर राज्य सरकार और राजभवन के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। आरक्षण बिल के नाम से लाये गये हेमंत सोरेन सरकार के आरक्षण विधेयक को लौटाने पर एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मैंने जो भी फैसला लिया, वह अटॉर्नी जनरल की राय के आधार पर लिया है। मैं किसी कानून के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन उसे संविधान के दायरे में होना चाहिए।

# राज्यपाल पर टिप्पणी अशोभनीय और असंवैधानिक : दीपक प्रकाश

- विधानसभा अध्यक्ष झामुमो के प्रवक्ता की तरह पार्टी के मंच से बयान दे रहे
- नैतिकता के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा दे देना चाहिए



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष अपनी संवैधानिक मर्यादाओं का बार बार उल्लंघन कर रहे। विधानसभा अध्यक्ष का पद दलीय राजनीति से ऊपर निष्पक्षता का पद है लेकिन राज्य में तो सभी नियम कानून की धज्जियां उड़ायीं जा रहीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष झामुमो के प्रवक्ता की तरह पार्टी के मंच से बयान दे रहे। ऐसे में पद की गरिमा तार-तार हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ स्पीकर को जिन विषयों पर निर्णय लेना है उसे तो वे बार-बार सरकार के इशारे पर टाल रहे परंतु जहां उनकी टिप्पणी अपेक्षित नहीं है उस विषय पर बोलने से नहीं चूक रहे। राज्यपाल पर स्पीकर की टिप्पणी असंवैधानिक और अशोभनीय है। श्री प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को अपने पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। फिर दलीय राजनीति में अपनी सक्रियता दिखानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 28 गांव हुए रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आजादी के बाद साहेबगंज स्थित गदाई दियारा में बिजली पहुंची। मुख्यमंत्री के निर्देश और झारखंड बिजली वितरण निगम लि. के अथक प्रयास से राजमहल प्रखंड के गदाई दियारा के गदाई पंचायत के कुल 05 गांव, टोला के लगभग 200 घर, साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत का गोपालपुर दियरा में 13 गांव में लगभग 430 घर एवं साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत लालबथानी पंचायत के कारगिल दियारा 8 गांव, टोला में लगभग 210 घर बिजली से रोशन हुए।

## गंगा नदी के दूसरी छोर पर स्थित है गांव

गदाई दियारा क्षेत्र के सभी प्रखंड गंगा नदी के दूसरे छोर में अवस्थित है, जिसे निगम द्वारा लगभग 17 किमी 11 केवी लाइन 08 किमी लगभग एलटी लाइन एवं 16 ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युतीकृत किया गया है, जिससे वहां के निवासियों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है।

आजादी के बाद साहेबगंज के गदाई दियारा पहुंची बिजली

## कृषि कार्य में मिलेगा सहयोग

गदाई दियारा के लोग पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित हैं। ऐसे के गदाई दियारा में विद्युतीकरण से किसानों को काफी सुविधा मिलेगी। मालूम हो कि विद्युतीकरण में सभी कार्य नाव के माध्यम से किया गया है।

# राज्य सरकार बेहतर विजन के साथ कर रही काम: हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को होटल बीएनआर चाणक्या में एक निजी टीवी चैनल द्वारा आयोजित झारखंड कांक्लेव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक बेहतर विजन के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। शिक्षा, टूरिज्म, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। यहां के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले इसके लिए प्रतिबद्धता से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षा व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। राज्य के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले इसलिए उत्कृष्ट विद्यालय खोला गया। गरीब बच्चों के छात्रावासों का रिनोवेशन राज्य सरकार करवा रही है।

## राज्य में टूरिज्म की संभावनाएं असीम हैं

आने वाले समय में राज्य सरकार टूरिज्म के सभी क्षेत्रों का विस्तार करते हुए रोजगार सृजन का मुख्य साधन बनाने पर कार्य कर रही है। राज्य में होटल ताज जैसे होटल बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में राज्य में 40 से 50 हजार सरकारी रिक्तियों पर बहाली होगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का भी शुभारंभ किया गया है। सीएम ने कहा कि राज्य में किसान और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। आने वाले समय में वनोपज पर भी एमएसपी लागू करेंगे। इमानदारी के साथ काम करने का सुखद परिणाम यह हुआ कि आज झारखंड विकास के रास्ते पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना लागू किया है बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग सभी को एक निश्चित तिथि पर पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। हमारी सरकार ने यहां के सरकारी कर्मियों को भी ओल्ड पेंशन देने का काम किया है।



## वन विभाग ने कोयला लदा ट्रक किया जब्त



चरही (आजाद सिपाही)। चरही थाना क्षेत्र के 15 माइल में रविवार को त्रिवेणी फ्यूल्स कॉक भट्ठा से कोयला लदा ट्रक को फोरेस्ट विभाग के द्वारा देर साम जब्त कर चालक और उप चालक को जेल भेजा गया। मांडू रेंजर बिनोद नंद राय ने कहा कि मिली विभाग को गुप्त सूचना के अनुसार और डीएफओ के निर्देशन अनुसार त्रिवेदी फ्यूल्स भट्ठा में अवैध कोयला लदने का सुचना मिला विभाग ने एक टिम गठित कर उक्त स्थल कर पहूंचा तो देखा ट्रक लद कर भट्ठा से बाहर निकल रहा है बाहर होते ट्रक को दबोचा गया अवैध कोयला व्यवसायों ने अफरा तफरी मच गया ट्रक को मैनेज करने के लिए काफी कोशिश किया गया लेकिन उतनहीं मुस्तैद फोरेस्ट विभाग का अधिकारी सटने नहीं दिया गया और मामला दर्ज करा कर दो लोगों को जेल भेजा गया। लेकिन हैरानी की बात यह है की चरही थाना के पुलिस ने सारे मामले को जानते हुए भी गंभीरता से नहीं लिया क्योंकि अवैध कोयला व्यवसाय के द्वारा कुछ चढहावा किया गया होगा इसलिए पुलिस मौन है । इस कार्य में भी बड़ी-बड़ी सफेद पोस का हाथ हो सकता है तभी यह खौफ कार्य हो रहा है। जब से 14 माईल इंदरा में कोयला और कोयला व्यवसाय में झडप हुआ है। फोरेस्ट विभाग एक्सन में दिख रही है ताबड़तोड़ अवैध कोयला से वाहन को जब्त किया है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा थाना परिसर में बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ कांत लाल मांझी और संचालन थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने की। मौके पर बीडीओ कृतिबाल लकड़ा प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी डॉ नाथ बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। वहीं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना विचार रखा। जिसमें त्योहार को आपसी भाई-चारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का आश्वासन दिया गया। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण और आपसी भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की। वहीं किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने की अपील की गयी। शांति समिति की बैठक में कोनहरा कला के लोगों ने आम गैरमजरुवा भूमि पर किये गये अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से की। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा, सरयु महतो, श्यामा साव,पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय, महावीर यादव, जीवन यादव,रहमत अंसारी, गुलजार अंसारी, मोइन मियां, इसरैल मियां, रामजी बेसरा, दर्शन सोनी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी के जितेंद्र ने लेह लद्दाख तक बाइक राइडिंग कर किया नाम रौशन




केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कंडाबेर के रहने वाले एक 26 वर्षीय युवक जितेंद्र कुमार गुप्ता पिता तिलक साव ने झारखंड की राजधानी रांची से जम्मू कश्मीर के लेह लद्दाख स्थित विश्व के सबसे ऊंचे मोटरेबल पास उमलिंगला समुद्र तल से 19024 फिट की ऊंचाई तक का सफर बाइक राइडिंग से तय कर केरेडारी प्रखंड के साथ हजारीबाग जिले का भी नाम रौशन किया है। सोमवार को फोन के माध्यम से जितेंद्र ने अपनी इस यात्रा की विस्तृत जानकारी आजाद सिपाही संवाददाता को देते हुए अपनी तस्वीर भी भेजी है शुरुआत से ही बाइक राइडिंग का शौक रखने वाले जितेंद्र ने बताया की सोशल मीडिया और कुछ कर गुजरने की जूनून से प्रेरित होकर विगत 12 जून को रांची से मैंने अपनी यात्रा की शुरूआत की और उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, और जम्मू कश्मीर के लेह लद्दाख के उमलींगा जो की विश्व का ऊंचा मोटरेबल पास है वहां पहुंच कर इतिहास बनाया है। आगे बताया की रांची से लेह लद्दाख और वहां से वापस रांची तक की करीब 6500 किलोमीटर की यात्रा बाइक राइडिंग कर पूरा करना अपने आप में ऐतिहासिक है। आगे कहा की बाइक से यात्रा करने के दौरान रास्ते में लोगों ने हौसला भी बढ़ाया जबकि कई परेशानियां भी सामने आईं लेकिन इन सबके बावजूद यात्रा पूरी कर इतिहास बनाया है युवक जितेंद्र ने बताया की बड़े भाई अर्जुन कुमार गुप्ता ने और परिवार के अन्य सभी सदस्यों ने भी इनका साथ दिया और मनोबल को बढ़ाया है जिस से इन्हें हौसला मिला है।

## बकरीद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक



दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को दारु थाना में अंचल अधिकारी नीतू कुमारी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें प्रखंड के दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुये। इस दौरान दारु अंचलाधिकारी नीतू कुमारी और थाना प्रभारी अमीत कुमार ने बकरीद के दौरान थाना क्षेत्र में होने वाली समस्या को दोनों समुदाय से जाना और लोगों से अपील किया कि बकरीद के दौरान कोई भी ऐसा काम नहीं करें जिससे असामाजिक तत्व को अपने मंसूबे में कामयाब होने का मौका मिले। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। थाना प्रभारी अमीत कुमार ने लोगों से शांतिपूर्वक बकरीद मनाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, मुखिया भोला तुरी, राजेश कुमार, जाकिर हुसैन, सुलेमान मियां, मो सरफराज ,दिलीप मियां,मो जैनुल, अनुज गिरी, मुख्तार मियां,सुमन कुमार , शिबू कुमार पासवान, अख्तर हुसैन, परमेश्वर महतो महादेव तुरी सहित दर्जनों की संख्या में कई लोग उपस्थित थे ।

## स्कॉर्पियो ड्राइवर गिरफ्तार, गया जेल

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के आसनाकोनी सतगावां बिहार बोडर के पास रविवार को स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में स्कार्पियो चालक को गोविंदपुर पुलिस ने धर दबोचा। उक्त चालक को सतगावां पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। चालक का नाम आकाश शर्मा (18 वर्ष, पिता अंजू शर्मा, ग्राम दरिया सराय थाना सीहोर जिला नालंदा) है। वहीं दूसरा व्यक्ति स्कॉर्पियो पर सवारी के रूप में था। नवादा जिला प्रशासन ने इलाज के बाद छोड़ दिया। मामले को लेकर मृतक के पत्नी सरिता देवी ने थाने में आवेदन देकर कहा है कि हमारा पति किसी कार्य से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के टक्कर से उनकी मौत हो गयी।

## कोडरमा घाटी में अज्ञात शव बरामद

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना अंतर्गत ताराघाटी के समीप सड़क के किनारे सोमवार की सुबह एक अज्ञात शव मिला। कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि तारा घाटी के समीप 35-40 वर्ष आयु के एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलने के उपरान्त शव को अपने कब्जे में लेकर कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां अभी तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है। सदर अस्पताल में शव का अंत्यपरीक्षण किया गया। पुलिस शव के शिनाख्त में जुटी है।

### शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

# सभी बच्चों का नामांकन करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय स्टेरिंग और मॉनिटरिंग निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में कोडरमा जिला के सरकारी विद्यालय तथा प्राइमरी, मध्य, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त रंजन ने सभी प्रखंड में स्थित सरकारी विद्यालय में आये नामांकन से संबंधित आवेदनों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्कूल आर 2023 बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत सभी बच्चों का नामांकन कराना है। विशेष रुप से नामांकित और ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय तक लाने का प्रयास किया जायेगा इसके लिए न सिर्फ सरकारी बल्कि सामूहिक स्तर से प्रयास करने की आवश्यकता है। अभिभावक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन करें। प्राथमिक स्कूल के कक्षाओं के बाद उच्च विद्यालयों की कक्षाओं में नामांकन दर में कमी पर उन्होंने चिंता व्यक्त की और उन्होंने सभी बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी और शिक्षक को निर्देश दिये कि सभी बच्चों का गांव और टोला स्तर पर सर्वे कर योजना बनाकर नामांकन करेंगे।

**नामांकन से संबंधित फर्जी आवेदनों की होगी जांच:** उपायुक्त ने नामांकन से संबंधित पिछले साल की प्राप्त आवेदन और इस वर्ष प्राप्त आवेदन की जानकारी दी। इस क्रम में उन्होंने पाया कि नामांकन से संबंधित हुए डाटा एंट्री में पिछले साल की तुलना में इस साल की तुलना में काफी अंतर है, जिससे ऐसा प्रतीत होता हो कि नामांकन से संबंधित फर्जी डाटा एंट्री की गयी है। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भितिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुट्टीटांड, जयनगर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडु, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपयाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकोका, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पश्चिम टोला इरगोबाद और कोडरमा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतरबर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदेडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलगरमा है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिये कि उक्त विद्यालयों का भ्रमण करते हुए फर्जी नामांकन की जांच करेंगे और सही पाया गया तो उक्त विद्यालय के शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों पर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों से भी बच्चों को स्कूल परित्याग प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे का नामांकन कागजी प्रक्रिया और प्रमाण पत्रों के कारण ना रोका जाए बल्कि मौके पर ही प्रोविजनल रूप से हर हाल में उस बच्चे का नामांकन स्कूल में हो। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी और अन्य मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत कथा में राधे-राधे की गूंज से भक्तिमय हुआ कार्यक्रम स्थल

# प्रकृति की रक्षा करें, तभी जीवन की रक्षा संभव: पतंजलि शर्मा

आजाद सिपाही संवाददता





**झुमरीतिलैया।** शहर के तिलैया बस्ती स्थित द सौरभ में भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न झाकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। कोलकत्ता से आये कथा वाचक पतंजलि शर्मा ने कहा कि प्रकृति कि रक्षा करें क्योंकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जीवन की रक्षा यही करती है। भगवान कृष्ण एक युगंधर हैं युग प्रवर्तक जो कहते हैं। इंद्र की पूजा से पहले प्राकृतिक, पहाड़, पौधे, नदियां, खनिज इनकी रक्षा ही मानवीय उन्नत जीवन का आधार हैं। सृष्टि पर हमारे ठाकुर की सदैव दृष्टि रहती हैं और सृष्टि तभी संतुलित रहेगी जब आप पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे। वृन्दावन से आये परमेश्वर दास के द्वारा विभिन्न झाकियां प्रस्तुत की गयी। इसमें बासुदेव जी के रूप मे राहुल चौधरी, यशोदा जी तनवी चौधरी, नन्द बाबा गौरव चौधरी, कृष्ण के रूप मे अनन्य चौधरी, गरिराज सुमन चौधरी, हिरनकश्यप तुषार, प्रहलाद अनन्य, परीक्षित राम चौधरी, सुखदेव बैभव कुमार बने। मौके पर अविनाश शर्मा, श्रीकांत शर्मा ने गोविन्द मेरो हैं गोपाल मेरो हैं माखन खां गयो माखन चोर.. और राधे-राधे से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। यजमान के रूप मे राजकुमार चौधरी, राकेश चौधरी, डिंपल चौधरी, अंकित चौधरी, नूपुर चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम मे पंडित शशि कांत झा, पंडित सुधीर शर्मा, पंडित गोपाल पाण्डेय, पंडित रामोतार शर्मा, पंडित नवीन झा के अलावा रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब, अग्रवाल समाज, प्रेरणा शाखा के आलावा विभिन्न इलाकों के श्रद्धालु भक्त हिस्सा ले रहे हैं।

## बड़कागांव में छह बाल मजदूर मुक्त

आजाद सिपाही संवाददता




**बड़कागांव।** हजारीबाग जन सेवा परिषद द्वारा चिन्हित बड़कागांव प्रखंड से विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में काम कर रहे बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिए बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकरी जितेन्द्र कुमार पांडेय, थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के अगुवाइ में धावा दल जिसमें बड़कागांव के सब इंस्पेक्टर रितेश कुमार और पुलिस दल, पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक आशीष कुमार पासवान, जन सेवा परिषद से सी.एस.डब्ल्यू और चाइलाइन टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे, गुलेश्वर कुमार, मेघनाथ महतो, प्रमिला देवी और अन्य लोग शामिल थे। गठित टीम के द्वारा बड़कागांव विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापामारी कर छह बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। तत्पश्चात थाने में मामले का जी.डी. दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए सभी बाल मजदूरों बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जन सेवा परिषद हजारीबाग कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन के साथ मिलकर बाल मजदूरी के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

## शादी में करंट से दूल्हे के चाचा की मौत

आजाद सिपाही संवाददता

**कोडरमा।** कोडरमा के सीमावर्ती इलाका गिरिडीह जिले के खेड़ा में रविवार की रात शादी समारोह के दौरान करंट लगने से दूल्हे के बड़े चाचा की मौत हो गई। घटना के बाद रविवार की देर रात करंट की चपेट में आए व्यक्ति को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनके घर में शादी की रस्म अदा की जा रही थी। इसी दौरान जोगेंद्र भुइयां (उम्र 50 वर्ष, पिता सीता भुइयां) के द्वारा घर की महिलाओं को गीत गाने के लिए माइक दिया जा रहा था। माइक में करंट आ जाने से वह मूर्छित होकर गिर गए। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि भतीजे की शादी 25 जून को होनी थी जिसे इस घटना के बाद रोक दिया गया है। इधर कोडरमा घाटी में मक्का लोड ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उप चालक घायल हो गया। घायल की पहचान अखिलेश यादव (उम्र 28, पिता बालो यादव, ग्राम बिहार) और विनोद यादव (उम्र 25, पिता गणेश यादव, ग्राम रजौली बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस की मदद से इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### छह माह से पोषाहार राशि बकाया, मांग दिवस पर 10 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्र में हड़ताल

# सेविका-सहायिकाओं का मानसिक टॉर्चर बंद हो : संजय पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक ब्लॉक परिसर स्थित चिल्ड्रेन पार्क में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष संतोषी देवी और संचालन चिंतामणी ने की। बैठक में चार से छह महीने का पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में आ रही समस्या सहित कई मुद्दे पर चर्चा की गयी। बैठक में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर सेविका सहायिका को 26 हजार मानदेय, ग्रेच्युटी का लाभ और पेंशन देने की मांग पर देशव्यापी मांग दिवस के अवसर पर बकाया पोषाहार और मानदेय राशि की भुगतान सहित अन्य मांगों पर 10 जुलाई को डीसी के समक्ष विशाल प्रदर्शन करने और आंगनबाड़ी केंद्र में उसी दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुछ परियोजना में पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभुकों का आधार सिडिंग नहीं होने पर सेविका सहायिका का मानदेय और पोषाहार राशि में कटौती की निंदा किया गया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि एक तरफ चार छह महीने से पोषाहार का पैसा नहीं दिया जा रहा है, दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच के नाम पर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के द्वारा बार बार दौरा किया जा रहा है और सेविका सहायिका का मानसिक टॉर्चर किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष का तीन माह बीत जाने के बावजूद केंद्र सरकार के द्वारा राज्य सरकार को पोषाहार का आवंटन नहीं दिया है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि एससी एसटी आंगनबाड़ी केंद्र में छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिला है। बिना मोबाइल और डाटा पैक के पोषण ट्रैकर ऐप पर काम करने का दबाव बनाया जाता है। पांच साल पुराना दर पर पोषाहार का राशन खरीदने के लिए कहा जाता है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। हीना प्रवीण, अर्चना देवी, कविता यादव, मंजू मेहता, सरस्वती देवी, बेबी देवी, विमला देवी, उर्मिला देवी, पिंकी देवी, कांति देवी, मीना एक्का सहायिका रीना देवी आदि ने भी अपने विचार रखे। बैठक में किरण, शीला, संध्या, बबीता, मंजू, ललिता, रूपवन्ती, रेखा, ज्योति, उषा, सुमा, अनीता, निर्मला, कौशल्या, सुप्रीति, ज्योत्सना, अलका, वीभा, सरोज, अंजुम, गीता, रेश्मा, रीना, रिंकी रंजन, सुमित्रा, गुड़िया, शांति, सुबीता, सुनीता, आशा, सीता, सबीता, बिनोदिनी सहित दर्जनों सेविका सहायिका मौजूद थी।

## ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन, मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरवां गांव के ग्रामीणों ने सीओ मनोज कुमार महथा को आवेदन देकर मुख्य सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। दिये आवेदन में लिखा है की मुख्य पथ के दोनों तरफ अवैध रूप से मकान का निर्माण, बरामदा तथा शौचालय की टंकी बनाया जा रहा है। जिससे अवागमन में लोगों को समस्या हो रही है। कुछ लोग आनेवाले समय में मुख्य पथ को जबरन कब्जा करने में लग हुए है। ग्रामीणों के द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहे है। कुछ लोग दबंग प्रवृति के हैं जो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और कहते है कि कौन क्या कर लेगा, उसे हमलोग देख लेगें। ग्रामीण आवेदन के माध्यम से मुख्य पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, थाना प्रभारी इचाक को भी दी है। आवेदन सौंपने वालों में उपेंद्र प्रसाद मेहता, दिनकर प्रसाद मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, पंसस प्रियंका कुमारी, भरत नारायण सिंह, अरूण मेहता, मुकेश कुमार पासवान, कमल प्रसाद मेहता, अशोक कुमार सिंह, गिरधारी प्रसाद मेहता समेत अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## विधायक ने जल-नल योजना का किया शिलान्यास



इचाक (आजाद सिपाही)। बरियठ पंचायत में जल नल योजना का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और मुखिया नीशू कुमारी ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना है हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाना ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके। मुखिया निशू कुमारी ने कहा कि जल नल योजना चालू होने से लोगों में काफी खुशी है। अब लोग जरूरत भर पानी का उपयोग कर सकेंगे। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि गोविंद मेहता, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, उप मुखिया प्रतिनिधि कैलाश मेहता, सुजीत मेहता, दयानंद यादव, दिलीप मेहता, आलोक सिंह, हुलास मेहता, मनोज यादव, तुलसी मेहता, राजकुमार मेहता, दिगंबर कुमार, मिथिलेश रजक, कुलदीप मेहता, विकास मेहता, पप्पू मेहता, अनिल मेहता, गोपाल सिंह, महेश साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शिलान्यास के बाद नहीं हुई सड़क की मरम्मत




टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के झरपो में 20 फरवरी को बरकट्ठा विधायक के हाथों झरपो से गाड़ी साडम सड़क की मरम्मती कार्य का शिलान्यास करवाया गया था। कार्य के संवेदक ललन मेहता हैं, इन्होंने चार माह बीतने के बाद भी उक्त योजना में एक इंच भी किसी प्रकार का काम नहीं कर पाये। सड़क पर कई गड्ढे बने हुए हैं,आवागमन में लोगों को काफी परेशानी भी हो रही है। परेशानी को देखते हुए ही उक्त सड़क के मरम्मती कार्य को स्वीकृति दिलवायी गयी थी। झरपो से उस रास्ते से गुजरने वाले लोग का कहना है कि शिलान्यास तो हुआ, क्या सड़क भी बनेगा और केवल शिलापट बैठने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आवश्यकता है इसे शीघ्र चालू करवाने की। उक्त कार्य विशेष प्रमंडल से स्वीकृत है।

## बरकट्ठा बीओआइ की शाखा में लगी आग



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया की शाखा बरकट्ठा में रविवार की रात्रि में आग लग गयी। जिसकी जानकारी बरकट्ठा पुलिस रात्रि गश्ती में बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना और बैक ऑफ इंडिया बरकट्ठा के शाखा प्रबंधक पंकज कुमार शर्मा और अन्य बैंक अधिकारियों को रात्रि करीब एक बजे मोबाइल पर दिया। सूचना पाकर शाखा प्रबंधक पंकज कुमार ने आनन फानन में रात्रि में ही बरकट्ठा शाखा पहुंच कर घटना की जानकारी ली। शाखा प्रबंधक पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बैंक ऑफ इंडिया में बड़ी घटना होने से बचाया है।उन्होंने रात्रि गश्ती के दौरान बैंक सुरक्षा पर कड़ी नजर रखने के कारण यह घटना टला है। आग लगने से बैंक का नोट कोटिंग मशीन कैश काउंटर दो सीपीयू कंम्प्यूटर दो, कुर्शी ,पंखा समेत अन्य सामग्री जला गया। रात्रि में बैंक के कई कर्मी गोलू कुमार, राजेश रजक उर्फ लालू, शंकर यादव,दिगम्बर रविदास, अमित कुमार के द्वारा बैंक पहुंचकर आग बुझाने में सराहनीय भूमिका रही। बरकट्ठा थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा को सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखने पहुँचा तो देखा कि बैंक के अंदर से आग जलने और धुंआ निकलने देखा गया इसकी जानकारी बैंक के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना दिया गया फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच कर आग को नियंत्रित कर लिया तथा एक बड़ी घटना टल गया।

## तीन दिवसीय झारखंड फिल्म फेस्टिवल में शुभम कुमार की फिल्म का चयन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत खरांटी गांव के शुभम कुमार पिता ईश्वर प्रजापति के द्वारा बनायी गयी दो शॉर्ट फिल्म को तीन दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया। झारखंड में बने कई फिल्मों मे से 40 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का चयन किया गया। जिसमें शुभम कुमार के दो शॉर्ट फिल्म का चयन कर प्रदर्शित करने के लिए चयन किया गया। और इनके बेहतर कार्य के लिए पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर झारखंड फिल्म फेस्टिवल के मुख्य अतिथि के तौर पर कड़ीया मुंडा और सरजू राय और अन्य दिग्गज मौजूद थे। शुभम कुमार के इस सफलता पर बड़कागांव के प्रमुख फुलवा देवी, बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, चोपदार बलिया पंचायत मुखिया पूजा कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी के अलावे बड़कागांव प्रखंड के अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## सांसद प्रतिनिधि ने खुटरा विद्यालय का किया निरीक्षण

इचाक (आजाद सिपाही)। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के शिक्षा विभाग के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित पाये गये। बच्चों से विद्यालय में पठन पाठन की भी जानकारी और मध्यान भोजन की जानकारी ली। इस पर विद्यालय के बच्चों द्वारा संतोष जनक जवाब मिला। उन्होंने अपराह्न 12 बजे विद्यालय पहुंच उस वक़्त सभी शिक्षक अपने-अपने वर्ग कक्ष में उपस्थित थे।निरीक्षण के दौरान स्कूल में काफी कमियां देखने को मिली। मुख्य रूप से संशाधन की कमी है जैसे विद्यालय में बाउंड्री का ना होना, 175 छात्र-छात्राओं में मात्र एक सरकारी शिक्षक और दो सहायक अध्यापिका के भरोसे स्कूल में पठन-पाठन चलना, चापानल की खराबी, मात्र दो रसोइया होने से मध्याह्न भोजन में समस्या उत्पन्न होती है। सांसद प्रतिनिधि मेहता ने चापानल को तत्काल बनवाते हुए अन्य कमियों को इस सांसद अन्नपूर्णा देवी के पास रखते हुए समस्या का समाधान करवाने का भरपूर प्रयास करने की बात कही।

## नारकोटिक कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

# मादक पदार्थों की सप्लाई करनेवालों पर रखें नजरः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दी। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने सर्व प्रथम जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किये गए कार्य की जानकारी ली।




बैठक में डीसी ने कहा कि नशे की लत व लोगों के जीवन को अंधकारमय होने से बचाने के मद्देनजर मादक पदार्थों की सप्लाई व उनके सेवन पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। नारकोटिक कोऑर्डिनेशन समिति के माध्यम से नशे व मादक पदार्थों की सप्लाई में किसी भी रूप में संलिप्त व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जानी है और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना अनिवार्य है। डीसी ने जिला शिक्षा अधीक्षक और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को विद्यालय परिसर के आसपास की दुकानों में औचक जांच अभियान चलाने व किसी भी प्रकार की नशीली व अवैध पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने व बच्चों के अभिभावकों के साथ होने वाली बैठकों के दौरान बच्चों को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने सहित अन्य संबंधित मामलों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जा सकता है पर पैनी नजर रखने एवं इस दिशा में कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीसी और एसपी ने समिति के अन्य सदस्यों को नशे के दुष्प्रभाव और इस तरह के कार्यों से जुड़ने पर होने वाली कठोर कार्रवाई के प्रति विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस तरह की किसी भी सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी देते हुए कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### नशे के कारोबार में लगे लोगों के खिलाफ करें कार्रवाईः एसपी

बैठक को संबोधित करते हुए एसपी पीयूष पांडे ने पुलिस प्रशासन व संबंधित अधिकारियों को अन्य जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नशीली पदार्थों के आवागमन, इन कार्यों में संलिप्त लोगों सहित अन्य मामलों पर कानूनी कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाये जा रहे जनसंपर्क महा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि इश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने राहम के सेवा निवृत सीसीएल सिक्योरिटी इंस्पेक्टर फुडेश्वर भुईयां, सेवा निवृत कर्मचारी भरत नारायण पांडेय, सीसीएल एरिया मैनेजर सुदामा पांडेय, रूद्र नारायण पांडेय, जालिम सिंह,रामप्रताप सिंह, आलिम मियां को घर पर पहुंचकर अंगवस्त्र और मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यों से संबंधित पत्रिका को देकर सम्मानित किया। सम्मानित जनों के साथ उपस्थित सबों ने पीएम मोदी के नौ वर्ष के कार्यों की सराहना करते हुये कहा की आज भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश आंतरिक और बाह्य दोनों मामले में भारत समृद्ध और सशक्त हुआ है। इस मौके पर भागवत प्रसाद गुप्ता, अरूण पांडेय, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजमणि सिंह, मंडल मंत्री सरोज पांडेय, अरविंद पांडेय, संदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## कुंदरियाबांध में महायज्ञ के अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान और प्रवचन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुंदरियाबांध में आयोजित श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के अवसर पर तीसरे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान किये गए। रविवार संध्या वृंदावन की विदुषी लाड़ली शरण व महंत सीताराम शरण के द्वारा प्रवचन व भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदुषी लाड़ली शरण द्वारा रामचरित्र मानस महिमा को लेकर प्रवचन किया गया। वही, महंत सीताराम शरण और उनके सहयोगियो द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं की तालियां बटोरी। इधर, सोमवार सुबह से ही यज्ञ मंडप परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वही, यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय की अगुवाई में यज्ञ पुरोहितों ने यजमानों को विधिवत वैदिक मंत्रोचार के साथ कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष विनोद मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, संरक्षक सह मुखिया जय कुमार ओझा, सुभाष कुमार, अरविंद प्रसाद साहू, शिवा मेहता, राकेश कुमार उर्फ रॉक, अमित केशरी, राजेश कुमार पांडेय, पप्पू गुप्ता, पंकज गुप्ता, विनय अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, संजय साव, अनिल मेहता, छवि भुइया, टिंकू भुइया, अमित पांडेय, विक्रम ठाकुर, सूरज गुप्ता, अजय साहू, राहुल मेहता समेत कई लोग शामिल रहे।



## भाजपा नगर परिषद ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाइ में सेवटा, मरार व रांचीरोड़ में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आयोजित अभियान में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल रहे। अभियान के दौरान क्षेत्र के लोगो से मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर विकास कार्यो की चर्चा की। साथ ही, मोबाइल मिस कॉल करवाकर जन समर्थन लिया। अभियान में उमेश प्रसाद साहू, शाह, नीरज झा, सुनील प्रसाद साहू, सुभद्रा अग्रवाल, रंजीत प्रसाद साहू, सुबोध प्रसाद साहू, गणेश प्रसाद साहू, दिलीप कुमार, रामचंद्र शाह, रामजी प्रसाद, सेठी साह, जितेंद्र कुमार समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## यातायात पुलिस ने 25 हजार जुर्माना वसुला

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ यातायात पुलिस ने भुरकुंडा ओपी के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस हेलमेट सहित वाहनो के कागजातो की जांच की। अभियान मे पुलिस ने ऑफ लाइन 11 दोपहिया वाहनो से ग्यारह हजार और ऑन लाइन 13 वाहनो से 13,750 रुपए जुमार्ना वाहन चालको से वसुला। अभियान मे एसआइ प्रभात कुमार दास, मोकिम अंसारी, सिद्धेश्वर मुर्मू, रोमन मुर्मू मे शामिल थें।

## मगध में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अवसर पर मगध- संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में स्वच्छता के प्रति शपथ दिलायी गयी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान शुरू करने की शपथ ली। इस अवसर पर महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने लोगों को सफाई के महत्व के बारे में जागरूक करके स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना को कहा। साथ ही साथ स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य और खुशी प्राप्त करने, कचरे के लिए कूड़ेदान का उपयोग करने और प्लास्टिक बैग के प्रतिस्थापन के रूप में पर्यावरण के अनुकूल कपास, जूट बैग अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर विशेष पर महाप्रबंधक कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुये। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान मगध परियोजना में भी स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## आनंद साईं दरबार का स्थापना दिवस समारोह भंडारे के साथ संपन्न



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थिति आनंद साई दरबार का 13 वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे से पूर्व साई बाबा की विधिवत पूजा अर्चना व आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी राजेश कुमार पांडे ने यजमान अमित कुमार सिन्हा सपत्नीक विभा सिन्हा के हाथो पूजन और आरती का अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न करवाया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आनंद साई दरबार में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यवस्थित रूप से लोगों के बीच भंडारे का वितरण किया। वहीं, श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। आनंद साई दरबार के 13 वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित भंडारे में अरूण कुमार सिन्हा, तिलकराज मंगलम, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डॉ शरद, डॉ दिलीप कुमार, प्रो संजय सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, कीर्ति गौरव, प्रो संजय सिंह, अजीत जायसवाल, विनोद साव, राजेश साव, गुरूद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, मनजी साहनी, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, अरुण कुमार राय, निलेश गुप्ता, विनोद सिन्हा सुबोध सिन्हा, मनोज सिन्हा, संतोष सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, सतीश सिन्हा, सन्नी सिन्हा, जेपी सिंह, मनोज मंडल, आनंद प्रताप सिंह, राजीव रंजन, रंजन फौजी, रविंद्र शर्मा, अंकित सिन्हा, मोनू सिन्हा, अशोक कुमार, गोलू कुमार, कौशल सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, जीतू अग्रवाल, संजय दांगी, बसंत कुमार, कैलाश चंद्र साह, नितिन बक्शी, निलेश गुप्ता, अरुण कुमार राय उर्फ धनोरी, आयुष कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, रोहित वर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश कुमार, सुमन पाठक, विनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया जायेगा स्थापना दिवस

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ज्ञान, एकता और मूल मंत्र पर कार्य करती है: गौतम महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ जिला की बैठक सोमवार को झंडा चौक स्थित आभा भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता शुभम गिरी और संचालन राजेश दास ने किया। जबकि, बैठक में मुख्य रूप से प्रांत एसएफडी संयोजक गौतम महतो, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, जिला संयोजक शुभम गिरी, जिला सह संयोजक राजेश दास उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में राष्ट्रीय छात्र दिवस, नगर इकाई पुनर्गठन, पोधारोपन, सदस्यता आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर गौतम महतो ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता मूल मंत्र पर कार्य करती है। प्रवेश परीक्षा परिणाम पाठ्यक्रम ठीक करने का कार्य करती है। यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति है। विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। वही, जिला संयोजक शुभम गिरी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आगामी 9 जुलाई को स्थापना दिवस है, जिसको राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया जायेगा और सभी नगर इकाई का पुनर्गठन किया जायेगा, पौधारोपण का एक अभियान भी हम लोग का आगामी दिनों में चलाया जायेगा और आगामी अगस्त माह में सदस्यता अभियान भी शुरू होगा। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला सह संयोजक राजेश दास ने दिया।




### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में पूर्व जिला संयोजक उमेश महतो, जिला एसएफडी संयोजक सुदीप महतो, विक्की कुमार, विशाल कुमार, कॉलेज मंत्री खुशी कुमारी, रविशंकर कुमार, राहुल महतो, विश्वजीत कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बुद्धिजीवी मंच ने डीसी से की वार्ता, मिला आश्वासन

# नारायण उच्च विद्यालय उत्क्रमित होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना के पदाधिकारियों ने सोमवार को बरकाकाना क्षेत्र के नारायन उच्च विद्यालय और सीसीएल उच्च विद्यालय को प्लस टू में उत्क्रमित कराने के लिए डीसी माधवी मिश्रा से वार्ता कर पुनः मांग पत्र सौंपा। इस दौरान बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों ने वस्तु स्तिथि से अवगत कराते हुए डीसी को बताया कि बरकाकाना क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों से 600 से अधिक बच्चे जैक बोर्ड से मैट्रिक पास हुए हैं। जिनके लिए 11वीं में नामांकन की सुविधा नहीं मिल पा रही है, ऐसे में अधिकतर बच्चों की आगे की पढ़ाई में विराम लग सकता है। वही, डीसी ने आश्वासन दिया कि इस मामले को मैं गंभीरता से लेती हूं, आपके मांग पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग को फाइल आगे बढ़ा दूंगी। मांग पत्र में दूसरी मांग यह है कि जिले में प्राथमिक शिक्षा की बदतर स्तिथि को प्रशासनिक स्तर से सुधारने का कार्य किया जाए।



**क्षेत्र में ऐसे उच्च विद्यालय हैं, जो प्लस टू में अपग्रेड होने की सभी अहर्ता रखते हैंः मुन्ना**

वार्ता के उपरांत कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि बरकाकाना क्षेत्र में ये ऐसे उच्च विद्यालय हैं जो प्लस टू में अपग्रेड होने की सभी अहर्ता रखते हैं। क्षेत्र में 30 से अधिक गांव और आवासीय कालोनियां हैं। बरकाकाना, सीआईसी बस्ती, तालियातु, पीरी, मसमोहना, सियुर, कंडेर, कचूदाग, सिधवार कलां, सिधवार खुर्द, बुजुर्ग जमीरा, पोचरा, ऊपरपोचरा, लोको कालोनी, छोटकाकाना, कटेलिया बेड़ा, कैराबिहार, लाइनपार, पाहन बेड़ा, उरलूंग, घुटुवा, नवा घुटूवा, दुर्गी, सी सी एल कालोनी, अमवाटांड़, केल्हुवापतरा, हेहल, चैंनगड़ा, कोड़ी, बारीडीह, अरमदाग आदि। ये थे शामिल प्रतिनिधिमंडल में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव प्रो शाहनवाज खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता उमेश महतो, सह सचिव सोनी देवी, सह सचिव मदन दांगी, संगठन सचिव रियासत हुसैन आदि शामिल थे।

## डीजीपी ने सिसई निवासी और महिला थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम पोस्को, 2012 के मेडिको-लीगल पहलुओं पर चार दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में आयोजित कार्यशाला में बेहतरीन कार्य के लिये कुमारी विशाखा पाण्डेय महिला थाना प्रभारी धनबाद को पुलिस महानिरीक्षक और महानिदेशक झारखंड के द्वारा सम्मान्नित किया गया। कुमारी विशाखा पाण्डेय और पति सतीश पाण्डेय टंडवा के सिसई गांव निवासी दोनों 2018 बैच सब-इंस्पेक्टर हैं। पोक्सो एक्ट में बेहतरीन अनुसंधान, पीड़ित को मुआवजा व न्याय दिलाना, केस दर्ज होने के पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तारी व सजा दिलाने में बेहतरीन कार्य करने को ले झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सम्मानित किया है। डीजीपी के हाथों सम्मानित होने की खबर सुनकर गांव में खुशी की लहर, लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

## लोजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** आगामी तीस जुन को गिरीडीह में राष्ट्रीय लोजपा का एक दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक को लेकर लोजपा युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने बताया है कि निर्धारित कार्यक्रम मे भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय लोजपा अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस,पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पुर्व सांसद सूरजभान सिंह, समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज पासवान, चंदन सिंह, महबूब कैसर ईमाम, विणा सिंह सहित झारखंड प्रभारी रामजी सिंह उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कार्यक्रम का सफल आयोजन व उपस्थित अतिथियों के स्वागत में रामगढ़ जिला सहित झारखंड प्रदेश से राष्ट्रीय लोजपा युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए बरकाकाना से रवाना होंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अंबेडकर चौक नया नगर बरकाकाना मे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर कालिन्दी की अध्यक्षता व प्रदेश महासचिव दिलीप कुमार के संचालन मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम उपस्थित रहे। मौके पर रामबीर राम, संजोग कालिन्दी, अमरनाथ कुमार, कृष्णा राम, बिक्रम राम, सिकन्दर कुमार, सुधीर कालिन्दी, सोनु कुमार, शम्भु कुमार, राजेश राम, संतोष राम, शाखा राम, राजेश महतो, सिता राम, सुनील कुमार, हिरा राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने टूटी झरना मंदिर का किया अवलोकन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सोमवार को साण्डी स्थित टूटी झरना मंदिर पंहुचकर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए क्षेत्र के लिए सुख-समृद्धि की कामनाएं की। इस बीच मौके पर मौजूद पंडित उमेश पांडेय ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधते हुए विधिवत पूजार्चना कराया। पूजन उपरांत साव मंदिर परिसर में बने विवाह भवन, कैफेटेरिया समेत प्रशासनिक भवन का अवलोकन किया। जहां प्रबंधक रामअवतार महतो व जिला प्रशासन से जल्द ही कैंटीन कि सुविधा प्रांरभ करने की बात कही। साथ ही, सावन माह में पुनः मंदिर आने का आश्वासन दिया। मौके पर शिवम मिश्रा, सुदेश महतो, शुभम कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## छावनी परिषद की नामित सदस्य ने रक्षा मंत्री को लिखा पत्र, कहा

# छावनी क्षेत्र के विलय पर करें पुनर्विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छावनी परिषद रामगढ़ की नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने सोमवार को भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को 5 सूत्री मांग पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि रक्षा मंत्रालय छावनी क्षेत्र का विलय नगर निकाय में करने का निर्देश जारी कर रही है, लेकिन मैं रामगढ़ छावनी की जनता के पक्ष में आप सभी विलय समिति के सदस्यों का ध्यान आकृष्ट करते हुए कुछ विचारनीय बिंदु रखना चाहती हूं। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है कि उपयुक्त विषयों और छावनी क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए छावनी के विलय की जगह अंग्रेजों द्वारा निर्मित नियमों के संशोधन पर ध्यान देने की और सकारात्मक से सोचने की पहल करें।



### इन बिंदुओं पर कीर्ति गौरव ने कराया ध्यान आकर्षित

छावनी का विलय होना चाहिए परंतु क्यों, क्या छावनी के नागरिकों का आर्मी सेना संबंध अच्छे नहीं है। रामगढ़ छावनी क्षेत्र घनी आबादी क्षेत्र होने के साथ-साथ दो-दो रेजिमेंट का शौर्य लिए आपसी तालमेल के साथ संचालित होती आई है। विलय का मुख्य कारण छावनी का बजट भी बताया जा रहा है, भारत सरकार की जीडीपी जिस तरह से हो रही है उसमें छावनी क्षेत्र में घाटा होना निंदनीय है, व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, विलय की बात करने की जगह रक्षा मंत्रालय को आय एवं कर के और गंभीरता से विचार करना चाहिए। रक्षा मंत्रालय को छावनी क्षेत्र में छावनी अधिनियम में सुधार की जगह क्षेत्र की समाप्ति का तुक स्पष्ट दिख रहा है। अंग्रेजों के नियम बंद होनी चाहिए, प्रधानमंत्री के हाथों देश की बागडोर आते ही देश आगे की ओर तेज रफ्तार से अग्रसर है, ऐसे में नोटबंदी, जीएसटी जैसे ठोस कदम के बाद अंग्रेजों द्वारा रचित नियमों को बदलकर भारतीयों को प्राथमिकता देते हुए छावनी क्षेत्र की समाप्ति की घोषणा को स्थानीय करना सही होगा। जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ में भूमि अधिग्रहण, प्रतिबंधित क्षेत्र के नियमों में आज के दर से सुधार नहीं किया, इससे छावनी राजस्व कर की काफी क्षति पहुंच रही है। मकान निर्माण अधिनियम में सुधार की जगह छावनी के विकास को अवरोध करने का काम हुआ है। छावनी नागरिकों के लिए छावनी उसका गर्व है, वशर्ते छावनी के नियमों को सुधार कर छावनी को विकास का एक सकारात्मक धक्का दिया जाये। छावनी क्षेत्र के कारण आज तक रामगढ़ छावनी व आसपास आतंकी गतिविधियों से अछूता रहा है, क्या देश की सुरक्षा का यह मुद्दा नहीं है।


भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2022/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/532 नई दिल्ली, दिनांक : 26.06.2023

निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532 के लिए शुद्धि पत्र सं. 9

विषय :– सरकारी विनिर्माण इकाइयों एवं ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित वितरित शक्ति प्रणाली वाले नए जनरेशन के ऊर्जाक्षम वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण के लिए दिनांक 30.06.2023 को खोली जाने वाली ई–निविदा सं. डब्ल्यूटीए–532.

विषयगत निविदा को खोले जाने की तारीख 30.06.2023 (शुक्रवार) से स्थगित कर के 31.07.2023 (सोमवार) कर दी गई है।

भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अतिरिक्त ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

कार्यपालक निदेशक/रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
ईमेल–drsm@rb.railnet.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

1962/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विपक्षी एकता की असली परीक्षा आगे है


विपक्षी दलों की पटना में हुई बहुप्रतीक्षित बैठक तत्काल कोई नतीजा देती हुई नहीं दिखी। बैठक के बाद मीडिया को बताने के लिए कोई भी बड़ा निष्कर्ष इन नेताओं के पास नहीं था। ले-देकर यही कह सके कि उनके बीच बातचीत और विचार-विमर्श का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस क्रम में अगली बैठक शिमला में करने की बात जरूर कही गयी। यह बात भी ध्यान खींचने वाली कही जायेगी कि जो दल पटना की बैठक में शामिल हुए, उनमें भी पूरी तरह एका नहीं बना रह सका। आम आदमी पार्टी के नेता बैठक में आने से पहले से कह रहे थे कि उनके लिए सबसे बडा मुद्दा है केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध सुनिश्चित करना। इन दलों में कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी थी, जिसने अध्यादेश पर अपना रुख साफ नहीं किया था। आम आदमी पार्टी के जोर देने के बावजूद वह इस पर कमिटमेंट देने को तैयार नहीं हुई। नतीजा यह कि बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भी आप के नेता शामिल नहीं हुए और उन्होंने यह भी कह दिया कि आगे वे ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं होंगे, जिसमें कांग्रेस की मौजूदगी हो। देखा जाये तो यह विपक्षी दलों की एकजुटता की प्रक्रिया को एक तगड़ा झटका है, लेकिन इन सबके बावजूद इस प्रक्रिया की अहमियत को कम करने आंकना सही नहीं होगा। इसे सही ढंग से समझने के लिए जरूरी है कि छह महीने या साल भर पहले की इन दलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार किया जाये। उस वक्त जो विपक्षी एकजुटता के प्रयास किये जा रहे थे, उसके केंद्र में तीसरा मोर्चा बनाने की बात थी। उन दलों में कई कांग्रेस को साथ लेने के प्रबल विरोधी थे। ऐसे में कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी एकता के प्रयास शुरू होने की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। संभवतः इसीलिए नीतीश कुमार को इसका जिम्मा सौंपा गया और उसके अच्छे नतीजे भी दिखने लगे। हालांकि उसके बाद भी यह स्थिति थी कि पहली बैठक कांग्रेस की मेजबानी में बुलायी हुई न लगे, इसीलिए नीतीश कुमार को पटना में अपने घर पर यह बैठक रखने के लिए कहा गया। ऐसे में अगली बैठक कांग्रेस शासित राज्य हिमाचल प्रदेश में करने पर आम सहमति बन जाना कम बड़ी बात नहीं है। यह भी महत्वपूर्ण है कि आप को छोड़ दें तो किसी भी दूसरी पार्टी ने किसी भी विवादित मसले पर कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे वार्ता प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा आने का अंदेशा हो। हालांकि ऐसे विवादित बिंदुओं की कमी नहीं है, और वे उठेंगे ही इस प्रक्रिया में। असल सवाल यही है कि जब वे उठेंगे तब उन्हें हल करने में कितनी समझदारी और कितनी कुशलता दिखायी जाती है। इसी पर निर्भर करेगा 2024 के चुनावी समर के लिए तैयार किये जा रहे इस साझा मोर्चे का भविष्य।

**देखा जाये तो यह विपक्षी दलों की एकजुटता की प्रक्रिया को एक तगड़ा झटका है, लेकिन इन सबके बावजूद इस प्रक्रिया की अहमियत को कम करने आंकना सही नहीं होगा। इसे सही ढंग से समझने के लिए जरूरी है कि छह महीने या साल भर पहले की इन दलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार किया जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस वर्ष का विश्व ड्रग दिवस, मादक पदार्थों का उपयोग करने वाले लोगों, उनके परिवारों पर लगने वाले कलंक, भेदभाव के नकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, ड्रग्स का उपयोग करने वाले लोगों में एड्स और हैपेटाइटिस महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इन रोगों के रोकथाम कार्यक्रमों का विस्तार करने पर केंद्रित है।**

# हम सब मिलकर नशाखोरी का प्रतिकार करें



**बंडारू दत्तात्रेय**

यह - एक कटु वास्तविकता है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक एवं सामाजिक अलगाव और लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे निश्चित रूप से उन्हें बहुत मानसिक और शारीरिक कष्ट और आघात पहुंचता है। वे आवश्यक मदद से भी वंचित रह जाते हैं। इससे उनका और उनके परिवारों का जीवन दयनीय और कठिन बन जाता है, इसलिए, नशीली दवाओं से छुटकारा पाने की नीतियों के लिए एक जन-केंद्रित सोच की आवश्यकता है, जो मानव अधिकारों और करुणा पर लक्षित हो।

इस वर्ष का विश्व ड्रग दिवस, मादक पदार्थों का उपयोग करने वाले लोगों, उनके परिवारों पर लगने वाले कलंक, भेदभाव के नकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, ड्रग्स का उपयोग करने वाले लोगों में एड्स और हैपेटाइटिस महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इन रोगों के रोकथाम कार्यक्रमों का विस्तार करने पर केंद्रित है। इनमें ड्रग्स का उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए साक्ष्य-आधारित, स्वैच्छिक सेवाओं को बढ़ावा देना; नशीली दवाओं के उपयोग के विकारों, उपलब्ध उपचारों और शीघ्र हस्तक्षेप और सहायता के महत्व के बारे में शिक्षित करना; नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों जैसे समुदाय-आधारित उपचार और सेवाओं के लिए कारावास के विकल्पों का समर्थन; भाषा और व्यवहार को बढ़ावा देकर नशे से जुड़े कलंक और भेदभाव का मुकाबला करना शामिल है।

**नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और उन्हें नशीली दवाओं के दलदल से बाहर निकालने में मदद करने की सामूहिक जिम्मेदारी हम सब की है।**

आइए, एक बार वैश्विक स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग की भयावहता पर एक नजर डालें। यूएन आफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) की वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट-2022 के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में 15-64 आयु वर्ग के लगभग 28$ 40 करोड़ लोग नशीली दवाओं का उपयोग कर रहे थे, जो पिछले दशक की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार और अधिक युवा अधिक मादक दवाओं का उपयोग कर रहे हैं, कई देशों में इनका उपयोग पिछली पीढ़ी की तुलना में बढ़ गया है।



**यूएन आफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) की वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट-2022 के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में 15-64 आयु वर्ग के लगभग 28$ 40 करोड़ लोग नशीली दवाओं का उपयोग कर रहे थे, जो पिछले दशक की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक हैं।**

इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 1$12 करोड़ लोग ड्रग्स के इंजेक्शन का उपयोग कर रहे थे। 2018 के दौरान एम्स नैशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी) गाजियाबाद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि भारत में मादक पदार्थों के उपयोग और रुझान के अनुसार, 10-17 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों में शराब, भांग, अफीम, इनहेलेंट, कोकीन और कई प्रकार के उत्तेजक (एटीएस) और मतिभ्रम दवाओं का सेवन 6$ 06 प्रतिशत है, जबकि 18 से 75 वर्ष की आयु के 24$.71 प्रतिशत वयस्क इसमें लिप्त पाये गये। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और उन्हें नशीली दवाओं के दलदल से बाहर निकालने में मदद करने की सामूहिक जिम्मेदारी हम सब की है। यदि प्रत्येक हितधारक इस संबंध में किये जा रहे सरकारी प्रयासों में सहयोग करे, तो इनसे मुकाबला करना आसान हो जायेगा।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीडीडीआर) के अनुसार एक योजना लागू कर रही है, जिसके अंगर्गत निवारक शिक्षा और जागरूकता सृजन, क्षमता निर्माण, कौशल विकास के लिए राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नशीली दवाओं के व्यसन से पीड़ितों के लिए विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण और आजीविका में सहयोग हेतु 2020-21 के दौरान एनएपीडीडीआर के तहत 285590 लाभार्थी थे। अधिकांश लाभार्थी आंध्र प्रदेश (15295), दिल्ली (17019), हरियाणा (6940), हिमाचल प्रदेश (12619), मय प्रदेश (28929), पंजाब (9555), राजस्थान (22103), तेलंगाना (6620), उत्तर प्रदेश (16503) और पश्चिम बंगाल (7639) से थे।

इसी तरह, नशामुक्त भारत अभियान (एनबीएमए) अगस्त 2020 में शुरू किया गया था, जिसके तहत महिलाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक समाज संगठनों आदि जैसे हितधारकों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मादक पदार्थों के उपयोग से प्रभावित हो सकते हैं। अब तक जमीनी स्तर पर की गयी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचा जा चुका है। 4 हजार से अधिक युवा मंडल, नेहरू युवा केंद्र (एनवाइके) और एनएसएस स्वयंसेवक, युवा मंडल भी नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े हुए हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों और आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, महिला मंडलों और महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से एक बड़े समुदाय तक पहुंचने में 2$05 करोड़ से अधिक महिलाओं का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देश भर में अब तक 1$19 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थानों ने छात्रों और युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में शिक्षित करने के लिए गतिविधियां आयोजित की हैं।

हरियाणा राज्य में मादक पदार्थों की लत को जड़ से समाप्त करने के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का केंद्रीय अधिनियम-61) के अंतर्गत नियम अधिसूचित किये गये हैं। ये नियम हरियाणा नशामुक्ति केंद्र नियम-2010 कहे जाते हैं। इन नियमों के नियम-6 के अंतर्गत प्रावधान अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त करके ही हरियाणा राज्य में नशामुक्ति केंद्रों का संचालन किया जा सकता है। विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाना केवल तभी सार्थक हो सकता है, जब एक जागरूक समाज के रूप में हम सब एक साथ मिल कर इस बुराई के विरुद्ध सामूहिक प्रयास करें। अगर हमें एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना है, तो हमें हर प्रकार के नशे को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए।

**(लेखक : हरियाणा के राज्यपाल हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जनहित की योजनाओं से राज्य सरकार को मतलब नहीं : रघुवर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने विगत नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत झारखंड में डबल इंजन की सरकार द्वारा जमशेदपुर में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोमवार को जिन स्थलों का निरीक्षण किया उनमें मणीपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, प्रधानमंत्री आवास योजना, मोहरदा जलापूर्ति योजना, जमशेदपुर महिला महाविद्यालय एवं प्रोफेशनल विश्वविद्यालय शामिल है। इस स्थल दौरा के बाद उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं से राज्य सरकार को कोई मतलब नहीं है। स्थल दौरा के बाद उन्होंने कहा कि इस योजना के निर्माण के लिए किसी को चिंता नहीं है। उन्होंने सरकार से इस योजना में तेजी लाने का आग्रह किया है। श्री दास ने जमशेदपुर विश्वविद्यालय का भी दौरा किया। इस दौरा के बाद उन्होंने कहा कि महिला विश्व विद्यालय भवन का उद्घाटन के बाद भी नये विश्वविद्यालय भवन में पढ़ाई शुरू नहीं होना सरकार की शिक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।

इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, महामंत्री राकेश सिंह, संजीव सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, अभिषेक कुमार, नरेश प्रसाद, कृपा गोप, कंचन दत्ता, कौस्तव राय, नारायण पोद्दार, ओंकार सिंह, पिंटू सिंह, रंजीत सिंह, बापन बनर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

# रघुनाथ पांडेय दक्षिण अफ्रीका में विश्व के मजदूर सम्मेलन में शिरकत कर शहर पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय इंटक के सचिव सह जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे दक्षिण अफ्रीका में विश्व के मजदूर सम्मेलन में शिरकत कर शहर पहुचे। सोमवार को लौहनगरी जमशेदपुर पहुचने पर जुस्को यूनियन के नेता व कार्यकताओं ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने बताया 20 से 22 जून तक विश्वव्यापी मजदूरों की संस्था इंडस्ट्रियल ऑल के द्वारा दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन कन्वेंशन सेंटर में विश्व मजदूर प्रतिनिधियों का विशाल सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में विश्व से 600 मजदूर प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वही भारत की ओर से सम्मेलन में 6 प्रतिनिधियों शामिल हुए। उन्होंने कहा भारत में टाटा स्टील ही एक ऐसी कंपनी है जो 40 फीसदी महिलाओं और समाज में बराबरी का दर्जा देने के दृष्टिकोण से किन्नरों को भी रोजगार प्रदान कर रही है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है उन्होंने कहा टाटा स्टील के तर्ज पर अन्य कंपनियों में इस तरह का कार्य करवाने पर पहल करना होगा। उन्होंने सम्मेलन में भारत के केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम संहिता को पूरी तरह से मजदूर विरोधी बताया।

## पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक

# किसान विरोधी सरकार और भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोलें : सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में शामिल सभी केंद्रीय, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी और सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान सुदेश महतो ने सभी पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला महीना हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इस महीने में हम राज्य के हर विधानसभा में जन पंचायत का आयोजन करेंगे। जन पंचायत के जरिए हम जनता के बीच जायेंगे और राज्य से जुड़े ज्वलंत विषयों पर जनसंवाद करेंगे साथ ही मौजूदा सरकार की विफलताओं को जनता के सामने लाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई से पहले प्रखंड स्तर पर किसान विरोधी एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला-बोल कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राज्य में संसाधनों की लूट, महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और किसानों के विषय पर आवाज बुलंद की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 आजसू पार्टी के लिए संघर्ष का वर्ष है ऐसे में पार्टी का हरेक कार्यकर्ता जन-जन के मुद्दों को लेकर मुखर दिखे। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करें। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिले में संगठन के विस्तार और क्षेत्र में पार्टी को मजबूती देने पर भी चर्चा की गयी।

# जेआरडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से मिलकर सिग्नल लाइट लगाने की पुरेंद्र नारायण सिंह ने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने जेआरडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर सत्या प्रमोद से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान खरकाई ब्रिज से आरआईटी मोड़ तक टाटा कांड्रा मुख्य व सर्विस रोड के सभी बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को 5 दिनों के अंदर चालू करने की मांग की। श्री सिंह ने कहा आदित्यपुर खरकाई ब्रिज से आरआईटी मोड़, टाटा कांड्रा मुख्य व सर्विस रोड के लगभग 50% लाइट बंद पड़ा हैं। बीते दिनों टीम के द्वारा निरीक्षण भी किया गया था। उन्होंने कहा आए दिन सड़क में दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने जिले के उपायुक्त ओर जेआरडीसीएल से आकाशवाणी चौक,शेरे पंजाब चौक,एस टाइप चौक,आरआईटी मोड़, टोल ब्रिज मोड़, सुधा डायरी मोड़, लाल बिल्डिंग चौक, उषा मार्टिन मोड़ में



ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने की मांग की। साथ ही जेआरडीसीएल से टाटा कांड्रा मुख्य एवं सर्विस रोड में दुर्गा पूजा से पूर्व मरम्मती एवं बिटूमीन कारपेटिंग कराने की मांग की।

# सविता महतो ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## जल स्तर 180 मीटर से नीचे रखने के लिए किया आग्रह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** चांडिल डैम के विस्थापितों का पुनर्वास,अनुदान निधि व जल स्तर 180 मीटर से नीचे रखने के लिए इचागढ़ विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सोमवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो में रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौपा। विधायक ने मांग पत्र में चांडिल डैम के विस्थापितों के पुनर्वास में हो रही विसंगति, अनुदान निधि व चांडिल डैम का जल स्तर 180 मीटर से नीचे रखने का मांग की। विधायक ने कहा चांडिल बांध प्रक्षेत्र में कुल 116 गांव पूर्णत प्रभावित हुए हैं। लेकिन वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा आर एल 183 मीटर तक के प्रभावित ग्रामों को पूर्णत पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई है। ऐसी स्थिति में जनहित में आर एल 180 मीटर तक ही जल भंडारण करना श्रेयस्कर है। विधायक श्रीमती महतो ने कहा मात्र 43 ग्रामो के विस्थापितों का पुनर्वास की दिशा में पहल की जा रही है। जबकि कुल 116 गांव को पूर्व पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए। विधायक ने कहा पुनर्वास कार्यालय में निधि भी उपलब्ध नहीं है। पुनर्वास कार्यालय चांडिल संख्या 2 द्वारा विस्थापितों के पुनर्वास अनुदान राशि का भुगतान निधि के अभाव में अबरुद्ध रखा गया है। पुनर्वास कार्यालय एवं अपर निदेशक कार्यालय में संपर्क स्थापित करने पर जानकारी मिली निधि की अधियाचना कई बार विभाग को पत्राचार के माध्यम से की गई है। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अब तक कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी। विधायक ने मुख्यमंत्री से स्वर्णरेखा परियोजना अंतर्गत चांडिल बांध निर्माण से हुए 116 गांव के सभी विस्थापितों के पुनर्वास हेतु और उनके अनुदान राशि को विमुक्त करने एवं चांडिल बांध के जलस्तर को आरएल 180 मीटर से नीचे रखने के लिए आग्रह की।

# शहर लौटने पर मजदूर नेता का किया गया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय इंटक के सचिव सह जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे दक्षिण अफ्रीका में विश्व के मजदूर सम्मेलन में शिरकत कर शहर पहुचे। सोमवार को लौहनगरी जमशेदपुर पहुचने पर जुस्को यूनियन के नेता व कार्यकताओं ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने बताया 20 से 22 जून तक विश्वव्यापी मजदूरों की संस्था इंडस्ट्रियल ऑल के द्वारा दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन कन्वेंशन सेंटर में विश्व मजदूर प्रतिनिधियों का विशाल सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में विश्व से 600 मजदूर प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वही भारत की ओर से सम्मेलन में 6 प्रतिनिधियों शामिल हुए।

# हाइकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक जारी रखी



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में सोमवार को यौन शोषण और दुष्कर्म का प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटीशन के खारिज होने को चुनौती देनेवाले भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में चल रही निचली अदालत की कार्यवाही (ट्रायल) पर अगली सुनवाई तक रोक जारी रखी है। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी।

मामले में सूचक (पीड़िता) की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला ने पैरवी की। वहीं याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय कुमार शाह ने पैरवी की। इस मामले में ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत में अदालत में चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होनी है। मामले की सूचक भाजपा नेता है। पूर्व में कोर्ट ने मामले में निचली अदालत से एलसीआर की मांग की थी। धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में संज्ञान लिया था। धनबाद की निचली अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से 28 मार्च 2022 को मामले में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई के पश्चात निचली अदालत ने 20 मई 2022 को ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीस सूत्री समिति के सदस्यों ने सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमितता की उपायुक्त से की शिकायत



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया बीस सूत्री समिति के सदस्यों ने भंडरिया से कुरूण भाया पर्रो कैंप तक पीएमजेएसवाई से हो रहे सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरते जाने की लिखित शिकायत संबंधित आवेदन गढ़वा जिला उपायुक्त को सौंपा। बीस सूत्री अध्यक्ष राजू घासी के द्वारा जिला उपायुक्त को सौंपा गया आवेदन के अनुसार भंडरिया से कुरुण भाया पर्रो तक पीएमजजएसवाई सड़क में अनियमितता बरते जाने की लिखित शिकायत कुरून गांव के ग्रामीणों के द्वारा हमें प्राप्त हुई थी। मेरे द्वारा प्राप्त आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए उक्त सड़क की जांच की गई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप सही पाया गया। सड़क निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल के साथ-साथ अच्छी तरह से कैम्बर भी नहीं बनाया जा रहा है तथा उसी पर कालीकरण कर दिया जा रहा है। साथ ही उक्त निर्माण स्थल पर विभाग के कनीय अभियंता और न ही सहायक अभियंता आते हैं। जिस कारण संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से उक्त योजना में धड़ल्ले से अनियमितता बरती जा रही है। विभाग के द्वारा कुछ बिचौलियों को भाड़े पर रख कर उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

### भाजपा ही मुसलमानों की असली हितैषी है : नसीरुद्दीन अंसारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी ने गढ़वा बाईपास निर्माण को लेकर सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को मुस्लिम समाज की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ही मुसलमानों की असली हितैषी है। सबका साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास भी भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुसलमानों की भावना को समझते हुए अचला में बाईपास निर्माण में कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर की स्वीकृति देकर सबका साथ सबका विकास को स्पष्ट कर दिया है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी धर्म पंथ सम्प्रदाय के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के प्रयास से कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर का रास्ता साफ हुआ है। आनेवाले 2024 में मुस्लिम समाज पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़ा होगा। झामुमो-कांग्रेस समाज को बांटने वाले दल हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जनहित को देखते हुए कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर बनाने के लिए कहा है। मौके पर खुर्शीद अंसारी, नईम खलिफा, सोबराती खान, सलिम अंसारी, गुलजार अंसारी, मोसाहेब अंसारी, कमरु अंसारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने विस्थापित दुकानदारों की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दानरो नदी तट पर स्थित मिनी बस स्टैंड के पास से विस्थापित ठेले व गुमटी वाले दुकानदारों के स्थायी दुकान के लिए स्थल व्यवस्था कराने की मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल ने उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र सौंपा। उपायुक्त को दिए ज्ञापन में विस्थापित दुकानदारों ने कहा है कि दानरो नदी तट पर स्थित मिनी बस स्टैंड पर ठेले और गुमटी वाले अस्थाई दुकान लगाकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे थे। परंतु प्रशासन एवं नगर परिषद गढ़वा के द्वारा अवैध अतिक्रमण मानते हुए उन्हें विस्थापित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इन विस्थापितों में सभी नगर परिषद क्षेत्र के पिछड़े एवं दलित समाज के अति गरीब लोग हैं। जिनका जीविकोपार्जन, घर के चूल्हे इन्हीं व्यवसाय से चल रहे थे। जिससे इन दुकानदारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। चंदन कश्यप ने डीसी से मांग करते हुए कहा है कि मिनी बस स्टैण्ड क्षेत्र अंतर्गत इन लोगों के लिए स्थायी व्यवस्था कराने की कृपा की जाए। जिससे इनके परिवार का भरण पोषण सुचारु रूप से चल सके। विस्थापित दुकानदारों की सूची में अनिल प्रसाद केशरी, शत्रुघ्न कुमार महतो, संतोष दास, प्रह्लाद विश्वकर्मा, नितिन कुमार, विशाल कुमार, राकेश कुमार, बजरंगी कुमार, विक्रमा विश्वकर्मा, मनोज दास, रवि कुमार, रामकिशुन राम, सत्यनारायण राम, देव कुमार, संतोष दास, मनीष कुमार, दीपक दास, अरुण राम, दद्दू ठाकुर, डब्लू कुमार, मो. फिरोज, हुसनैन खां के नाम शामिल हैं।

**हर्ष : झारखंड-बिहार को जोड़नेवाले सोन पुल का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य**

# अगले अगस्त तक बन जायेगा पुल बिहार की दूरी रह जायेगी दो किमी

**अभी तक चार महीने से भी कम समय में 41 में से 22 पिलर का फाउंडेशन कार्य पूरा करने के बाद रिवर बेड से 5 से 10 फीट ऊंचाई तक पिलर की ढलाई की जा चुकी है**





अरुण कुमार चौबे

**हरिहरपुर।** झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाले सोन पुल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कार्य को देखने से प्रतीत होता है कि इसकी पूर्णता अवधि अगस्त 2024 तक पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा। झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी प्रखंड के डूमरसोता पंचायत के श्रीनगर एवं बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत नौहट्टा प्रखंड के पंचायत एवं गांव पंडुका के बीच सोन नदी पर इंटरस्टेट पुल का निर्माण किया जा रहा है। चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि बिहार राज्य सेतु निर्माण निगम के इस पुल का निर्माण छत्तीसगढ़ के मेसर्स बृजेश अग्रवाल के द्वारा 146 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। पुल का निर्माण कार्य मार्च 2023 में शुरू किया गया था। अभी तक चार महीने से भी कम समय में 41 में से 22 पिलर का फाउंडेशन कार्य पूरा करने के बाद रिवर बेड से 5 से 10 फीट ऊंचाई तक पिलर की ढलाई की जा चुकी है। जबकि सात पिलर के लिए फाउंडेशन की पाइलिंग का कार्य प्रगति पर है। यदि नदी में ज्यादा पानी नहीं बढ़ा तो एक सप्ताह में इन सात पिलरों के फाउंडेशन का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। पुल निर्माण का कार्य दिन और रात चल रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि डेढ़ किलोमीटर लंबे इस उच्चस्तरीय सड़क पुल के पिलर की ऊंचाई फाउंडेशन से गर्टर तक 3 मीटर की होगी। जबकि पुल की चौड़ाई 18 मीटर होगी। वहीं झारखंड की तरफ एप्रोच रोड की लंबाई 165 मीटर एवं बिहार की तरफ एप्रोच रोड की लंबाई 400 मीटर है। एप्रोच रोड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। हालांकि भूमि अधिग्रहण का कार्य राज्य सरकारों का है। सीपीएम शर्मा ने कहा कि यहां के लोगों का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। इसी से कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। कहा कि सोन में पानी भर जाने के बाद नदी में चल रहा कार्य बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में पूरे बरसात गर्टर की ढलाई की जाएगी। यदि गर्टर ढलाई का कार्य पूरा हो गया तो पुल का निर्माण रिकॉर्ड अवधि में पूर्ण हो जाएगा। सोन पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद झारखंड से बिहार की दूरी काफी कम हो जाएगी। अभी तक लोग नाव से नदी पार करके आना जाना करते हैं।

मौके पर मौजूद कांडी प्रखंड प्रमुख सह गढ़वा जिला प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि इतने बड़े प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को काम नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब आप का निर्माण कार्य झारखंड प्रदेश में चल रहा है। लिहाजा उस पार कांडी इलाके के लोगों को भी काम दिया जाए।

प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र शर्मा ने इस मामले में सकारात्मक पहल की बात कही। उन्होंने कहा कि वहां के लोकल लोगों को भी काम दिया जाएगा।

### मात्र दो किमी की दूरी तय करके इस पार के लोग रोहतास में प्रवेश कर सकेंगे

उल्लेखनीय है कि कांडी इलाके के लोग सोन नदी के उस पार के इलाके में जाने के लिए नदी पार करने से बचकर जाना चाहें तो उन्हें 150 किलोमीटर की परिक्रमा करनी पड़ती है। क्योंकि वैसी स्थिति में कांडी, मझिआंव, गढ़वा, पड़वा मोड़, छतरपुर, हरिहरगंज, औरंगाबाद, डेहरी, तिलौथू, अकबरपुर, होकर नौहट्टा होते तिलोखर पंडुका आना पड़ता है। सोन पुल का निर्माण पूरा हो जाने के बाद मात्र दो किलोमीटर की दूरी तय करके इस पार के लोग रोहतास बिहार में प्रवेश कर जाएंगे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश की दूरी भी काफी कम हो जाएगी।

## मोदी सरकार अपने काम के दम पर 2024 में तीसरी बार सत्ता में आयेगी : रितेश चौबे



**भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर किया गया मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल का पर्चा वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर गढ़वा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में चिरौंजिया मोड़ पर मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल का पर्चा वितरण किया गया। इस दौरान लोगों ने मोदी सरकार के समर्थन में 9090902024 पर मिस कॉल कर समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अविनाश चंद्रा एवं डॉ शिवनारायण विश्वकर्मा को पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मोदी सरकार के नौ साल का बुकलेट भेंट कर सम्मानित किया गया।

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि मोदी सरकार अपने काम के दम पर 2024 में तीसरी बार सरकार बनाएगी। केंद्र में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही देश एवं राज्य में विकास कर सकती है। मोदी सरकार ने देश में अनेकों जनकल्याणकारी योजना चलायी, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। पहली बार किसी सरकार ने देशहित में योजना बनायी है। मोदी सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का काम किया है। आज पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। विश्व के मानचित्र में भारत विश्व गुरु बन चुका है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। हर घर नल जल योजना का काम तेजी से चल रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता बृजेन्द्र पाठक भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, मनीष कुमार गुप्ता, लव कुशवाहा, धनंजय विश्वकर्मा, सत्येंद्र दुबे, कृष्णा पासवान, संजय मेहता, यशवंत मिश्रा, भरदुल चंद्रवंशी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक में सौहार्द्रपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने का निर्णय



**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सौहार्दपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व मनाने का निर्णय लिया गया, जबकि अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने पर सहमति बनी। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जो भी गाइडलाइन जारी की गई है उसे अक्षरशः पालन करना है। बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। समाज के बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र में शांति कायम रखने की अपील की और कहा कि सोशल मीडिया को विशेष रूप से ध्यान रखना है। बकरीद पर विधि व्यवस्था का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान अशांति फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। मौके पर अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुशील पाठक, समाजसेवी अजय वर्मा, मेराजूद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, रामविचार साहू, नंदू प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कुत्तों के हमले में घायल चौ सिंघा को ग्रामीणों ने बचाया



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया वन क्षेत्र के हरता गांव के टोला तिहारो से रविवार को वन कर्मियों के द्वारा एक चौ सिंघा (मादा) को रेस्क्यू कर वन विभाग भंडरिया लाया गया है। जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल ललन कुमार ने बताया कि चौ सिंघा पानी की तलाश में जंगल से निकलकर भटकते हुए बस्ती आ गया। जहां पालतू कुत्तों के द्वारा उक्त जानवर पर चारों तरफ से एक साथ हमला कर दिया गया। ग्रामीणों के द्वारा किसी तरह चौ सिंघा को कुत्ते के हमले से बचा लिया गया। लेकिन तबतक चौ सिंघा कुत्ते के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी तत्काल जानकारी वन विभाग भंडरिया को दी गई। सूचना मिलते ही वन कर्मी बिना देर किए घटनास्थल पर पहुंच उक्त जंगली जानवर चौ सिंघा का रेस्क्यू किया तथा अपने साथ वन कार्यालय भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल जंगली जानवर का उपचार किया गया। फिलहाल चौ सिंघा खतरे से बाहर है तथा उसे वन विभाग में ही रखा गया है। जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाता तब तक वह वन विभाग में रखा जाएगा। स्वस्थ हो जाने के बाद उक्त जानवर को पीटीआर के जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। आए दिन भंडरिया वन क्षेत्रों के गांवों मे जंगली जानवर पानी की तलाश में भटकते हुए बस्ती में आ जाते हैं और वे पालतू कुते या फिर शिकारियों के हत्थे चढ़ जाते हैं।

## जीयर स्वामी के दर्शन को लेकर उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिहार के बक्सर जिला के युवा समाजसेवी मिथिलेश कुमार पाठक एवं जितेंद्र पांडेय ने अपनी पूरी टीम के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंच स्वामी जी महाराज का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया**



**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के संकल्पित चातुर्मास्य व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर पाल्हे-जतपुरा सहित श्री बंशीधर नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर से लेकर गांव तक भक्ति की बयार बह रही है। स्वामी जी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी कड़ी में रविवार की शाम में बिहार के बक्सर जिला अंतर्गत खरवनियां के युवा समाजसेवी मिथिलेश कुमार पाठक एवं जितेंद्र पांडेय ने अपनी पूरी टीम के साथ यहां यज्ञ स्थल पर पहुंच स्वामी जी महाराज का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी महाराज के दर्शन के पश्चात यज्ञ कमेटी की ओर से उपाध्यक्ष अमित शुक्ल, सचिव अनीश शुक्ल, उमेश शुक्ल, राजेश कुमार पांडेय ने मिथिलेश कुमार पाठक एवं जितेंद्र पांडेय को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही गुरु पूर्णिमा एवं महायज्ञ में हिस्सा लेने के लिये आमंत्रण दिया। स्वागत से अभिभूत होकर मिथिलेश पाठक एवं जितेन्द्र पांडेय ने यज्ञ कमेटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गुरु पूर्णिमा एवं महायज्ञ में आने का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि गत 12 जून से ही सुबह में मंगला आरती व शाम में स्वामी जी के श्री मुख से भागवत कथा रूपी अमृत वर्षा निरंतर हो रही है। महायज्ञ को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है।

प्रतिदिन सुबह में मंगला आरती में एवं शाम में स्वामी जी के श्री मुख से श्री हरि की कथा सुनने के लिये नित्य बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व झारखंड के विभिन्न स्थानों सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## वैश्य महासम्मेलन ने समाज के दो बच्चों को किया सम्मानित

**वैश्य समाज के अन्य बच्चों को भी इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है : रविंद्र जयसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के द्वारा वैश्य समाज के दो परिवारों के बच्चे परमेश्वर प्रसाद गुप्ता (टेंट हाउस) के पुत्र नीट मेडिकल परीक्षा में एवं दिलीप केसरी टंडवा निवासी के पुत्र अमन केसरी को पंचायत सचिव बनने पर उनके घर जाकर अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित करने का कार्य किया गया। अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के द्वारा कहा गया कि बहुत खुशी की बात है कि वैश्य समाज के बच्चे प्रतियोगिता परीक्षा एवं अच्छे पद पर चयनित हो रहे हैं। वैश्य समाज के अन्य बच्चों को भी इन सभी बच्चों से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

मौके पर उपस्थित महामंत्री उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, सचिव मनीष गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य चंदन जयसवाल, आकाश केसरी, शुभम केसरी, मनीष कमलापुरी सहित अन्य साथीगण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : विधायक भानु प्रताप शाही ने पांचाडुमर पंचायत के बीजडीह गांव में किया नल जल योजना का शिलान्यास, कहा**

# इस योजना से बीजडीह, चांडीह और गम्हरिया के हर घर में नल से पानी मिलेगा

**यहां के लोगों को आवास बनाने के लिए भी बालू नहीं मिलता और ऊंचे दामों पर बाहर दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना, नल जल योजना का शिलान्यास केतार प्रखंड के पांचाडुमर पंचायत के बीजडीह गांव में किया। पीएचडी विभाग से लगभग दो करोड़ अस्सी लाख की लागत से बनने वाली नल जल योजना का शिलान्यास ग्रामीण सुरेश चंद्रवंशी के हाथों नारियल तोड़वा कर विधायक भानु प्रताप शाही ने भूमि पूजन कराया।

इसके पश्चात विधायक को ग्रामीणों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

सभा को संबोधित करते हुए भानु प्रताप शाही ने कहा कि इस गांव में मैं नेता बनके नहीं बल्कि आपका बेटा बनके आया हूं। आज इस योजना से बीजडीह, चांडीह और गम्हरिया के लोगों को नल से पानी हर घर में मिलेगा। जिसके लिए 26 प्वाइंट बनाया जाएगा। अगर प्वाइंट कम पड़ेगा तो बढ़ाया भी जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि 22 घंटे बिजली मिल रही है। सड़क का भी हाल बेहतर है। आप मुझे जो जिम्मेवारी देकर भेजते हैं मैं उसे बखूबी निभाने का प्रयास करता हूं, और अपने क्षेत्र में काम लाने के लिए लड़ना भी पड़ता है तो भी मैं पीछे नहीं हटता हूं। हेमंत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इसने केवल बालू को सोना बनाने का काम किया है। आज हेमंत सरकार ने बीडीओ, सीओ, पुलिस को बालू के पीछे लगा के रखा है। बालू यहां के लोगों को नहीं देकर ऊंचे दामों पर बाहर दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। यहां के लोगों को आवास बनाने में भी बालू लाने में सोचना पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुकी है। कोई भी कार्यालय में जाओ बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता। गरीब दौड़ते दौड़ते परेशान रहता है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकना है और सही समय आने पर आप सभी को इसका जवाब देना है। साथ ही कहा कि आपलोगों के सुख दुःख में मैं हमेशा साथ रहता हूं। मंच का संचालन सतेन्द्र ठाकुर ने किया।

मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह, गुड्डन पासवान, पांचाडुमार मुखिया श्यामसुंदर बैठा, बीडीसी राजकुमार पासवान, मनोज पहाड़िया, राजू सिंह, धीरज कमलापुरी, सीताराम जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, अखिलेश सिंह, बीरबल मेहता, पिंकू सिंह, लालू ठाकुर, अखिलेश सिंह, सुधीर ठाकुर अजय गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, विजय गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सभी प्रखंडों में लगाया जायेगा दिव्यांगता जांच कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर गढ़वा जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य प्रखंड में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप विभिन्न तिथियों में रोस्टर अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/ट्रामा सेंटर में आयोजित होगी। इनमें 5 एवं 7 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा में दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में 7 एवं 8 जुलाई, ट्रामा सेंटर नगर उंटारी में 10 एवं 11 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में 12 एवं 13 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में 14 एवं 15 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंझिआंव में 17 एवं 18 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में 19 एवं 20 जुलाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारिया में 21 एवं 22 जुलाई 2023 को दिव्यांगता जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर दो दिन आयोजित हो रहे इस कैम्प में पहले दिन दिव्यांग जनों का ऑनलाइन पंजीयन का कार्य किया जाएगा एवं दूसरे दिन दिव्यांग जनों की चिकित्सकों द्वारा जांच कार्य की जाएगी। दिव्यांगता जांच कैंप के सफल आयोजन को लेकर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने सभी संबंधित को निर्देशित दिया है कि उक्त तिथि के अनुसार विधि व्यवस्था दुरूस्त करते हुए संबंधित प्रखंड के सभी दिव्यांग बच्चे एवं व्यक्तियों को चिन्हित कर दिव्यांगता जांच कैम्प में दिव्यांग जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही दिव्यांग कैंप का प्रचार-प्रसार भी करेंगे ताकि आयोजित दिव्यांग कैंप में अधिक से अधिक दिव्यांग जनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगता कार्ड निर्गत किया जा सके। दिव्यांगता जांच कैंप में आने से पूर्व www.swavlambancard.gov.in से पंजीयन कराकर पंजीयन प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है, जिससे दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगता कार्ड निर्गत किया जा सके।

## एससीए योजना की बैठक हुई



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए योजना की बैठक हुई। इसमें कार्य प्रारंभ हो चुकी योजनाओं को लायबिलिटी में लेते हुए आवंटन की मांग किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, पीएफएमएस संबंधी चर्चा हुई व आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अपर पुलिस पदाधिकारी (अभियान), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारीगण व संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## ऑटो की टक्कर से अधेड़ घायल, रिम्स रेफर

कुडू -लोहरदगा : कुडू रांची उच्च पथ एनएच 75 कुडू थाना क्षेत्र के बरवाटोली स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के समीप सोमवार की शाम अज्ञात ऑटो की टक्कर से एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कोकर पतराटोली गांव निवासी 48 वर्षीय सोमरा उरांव पिता स्व डहरु उरांव एसबीआई बरवाटोली के समीप गाड़ी के इंतजार में खड़ा था। तभी एक अज्ञात ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 15 से 28 जून तक कुष्ठ रोगी खोजो अभियान चलाया जा रहा है



लातेहार(आजाद सिपाही): जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 15जून से लेकर 28 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर सेंट्रल टीम के द्वारा आज जिले के लातेहार और गारू प्रखंड का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने को लेकर सेंट्रल टीम के डॉ प्रवीण कुमार और डॉ सिद्धार्थ विश्वास ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। सेंट्रल टीम के डॉ सिद्धार्थ विश्वास और डॉ प्रवीण कुमार को लातेहार आगमन पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ राजेश कुमार सहित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## सीडीपीओ कार्यालय में कार्यरत लिपिक शंकर नायक की इलाज के दौरान मौत, शोकसभा आयोजित



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत शंकर नायक का बीते शनिवार की मध्य रात्रि मेडिका अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। लिपिक शंकर नायक की मौत से पूरे प्रखंड परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सोमवार को दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बुड़ायं सारू और पेशरार बीडीओ रमेश कुमार यादव और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू ने कहा कि बाल विकास परियोजना किस्को में लंबे समय से सेवा दे रहे लिपिक शंकर नायक का असामाजिक चले जाना काफी अपूरणीय क्षति है। पेशरार बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि बाल विकास परियोजना में कार्यरत लिपिक शंकर नायक का हमारे बीच से अचानक चले जाना बहुत ही दुःखद पल है। वहीं सीडीपीओ सविता कुमारी ने कहा कि हमारे विभाग की रीढ़ लिपिक शंकर नायक के चले जाने से खुद और पूरा बाल विकास परियोजना कर्मी सदमा में हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे। मौके पर सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमांड की बैठक हुई। बैठक में किस्को के पाखर में निमार्णाधीन पथ, पुतरार में पथ निर्माण, सनई-हपात पथ, बुलबुल व मन्हेपाट में विद्युत समस्या समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा हुई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में सुरक्षा हेतु होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति, जुरिया स्थित पावर सब-स्टेशन तक पहुंच पथ समेत अन्य बिंदुओ पर चर्चा की गयी और आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिए गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अपर पुलिस पदाधिकारी (अभियान), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारीगण और संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल छोड़कर चोर फरार, जांच में जुटी पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही): भड़गांव बेड़ा टोली में देर रात सिंचाई टुलु मशीन चोरी करने में चोर असफल, ग्रामीणों ने चोर का मोटरसाइकिल को पकड़ पुलिस को किया सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव बेड़ा टोली में अज्ञात चोर ने देर रात लालेश्वर महतो के घर के आंगन में स्थित कुएं में लगा टुलु मशीन का तार काट सेक्सन पाइप को काट रहा था। उसी दौरान घर वाले शौच के लिए उठे तो चोर हड़बड़ा कर भागने लगा। तभी शोर गुल हुआ तो आसपास के ग्रामीण अज्ञात चोर को नंदगांव की ओर काफी दूर तक दौड़ाया परंतु चोर अंधेरा का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा जबकि एक मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 1143 को पकड़ कर पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। प्राप्त सूचना के आलोक में थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर पकड़े गए मोटरसाइकिल को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। अज्ञात चोर के विरुद्ध कानूनी कारवाई आरंभ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना, सेन्हा, नौदी बेड़ा टोली सहित अन्य गांव में टुलु मशीन चोरी का सिलसिला काफी बढ़ गया था।

## समाजसेवी विश्वंभर दुबे की 12 वीं पुण्यतिथि मनायी



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के समाजसेवी विश्वभर दुबे की पुण्यतिथि मनायी गयी सर्वप्रथम चंदवा के समाजसेवी सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लातेहार जिला के उपाध्यक्ष रामयश पाठक में विश्वंभर दुबे के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया और पुष्पांजलि अर्पित किया उपस्थित चंदवा के लोगों ने स्वर्गीय दुबे के चित्र के समक्ष दो मिनट के मौन धारण के साथ कहा कि स्वर्गीय दुबे के आत्मा की शांति के लिए हम सभी प्रार्थना करते हैं। यह कार्यक्रम स्वर्गीय दुबे आवास पर थाना टोली स्थित मां दुर्गा कॉन्प्लेक्स में रखा गया था स्वर्गीय दुबे के इकलौते पुत्र प्रमोद कुमार दुबे अपने पिता के पुण्यतिथि पर याद किया और कहा कि हम भी अपने पिता के कार्य पर चलना चाहते हैं और समाज को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस अवसर पर सत्येंद्र प्रसाद यादव, लखन, रिंकू उपाध्याय, हरिनंदन दुबे, सुधीर कुमार साहू श्रीकांत मिश्रा समेत कई समाजसेवीयों ने स्वर्गीय दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

### आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक

# शौचालय से संबंधित सभी आवेदनों को समय पर निबटाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इसमें बीते वर्ष उक्त कार्यक्रम में किस्को में लंबित केसीसी व शौचालय निर्माण के आवेदन और पेशरार में मत्स्य विभाग से संबंधित 38 आवेदन की समीक्षा हुई। पेयजल और स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा को शौचालय से संबंधित सभी आवेदन को स्वीकृत करते हुए निष्पादित किये जाने का निदेश दिया गया। एलडीएम को भी केसीसी संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। जिला मत्स्य पदाधिकारी को भी लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिए गये। पशुपालन पदाधिकारी को अंशदान प्राप्त लाभुकों को दो दिन में पशुधन वितरण कर योजना पूर्ण किये जाने और बाकी लाभुकों को अंशदान प्राप्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया।

पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत भवन या किसी खाली पड़े सरकारी भवन में कमरा चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा इस सप्ताह युवा सद्भावना मंच के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिसके अनुसार प्रखंड भंडरा में फुटबॉल मैच, किस्को में फुटबॉल/वॉलीबॉल, सेन्हा में क्रिकेट मैच, कुडू में फुटबॉल मैच, सदर प्रखंड में फुटबॉल मैच, पेशरार में फुटबॉल मैच और कैरो में बुक क्लब एक्टिविटी कराये जाने की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय के संचालन संबंधी जानकारी ली गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस०, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार समेत सभी कार्यालयों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

# 20 दिवसीय विद्यालय स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम की कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह:** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बालक उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव के निर्देश पर बीस दिवसीय स्कूल रुआर 2023 कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जीप सदस्य संतोषी कुमारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय बीस सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह प्रखंड उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके करने का काम किया गया। 20 दिवसीय स्कूल रुआर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शिक्षा विभाग के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसको लेकर सभी को अभियान के प्रति कई जानकारियां देने का काम किया गया। अभियान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि आज हमारे क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के आसपास रहने वाले सैकड़ों बच्चे नामांकन के अभाव में शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं जो काफी बड़ी समस्या है और इस समस्या को लेकर हम सब को आगे आना होगा और बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन इस अभियान के तहत विद्यालय और आंगनबाड़ी में हो इसमें अपनी सहभागिता निभानी होगी क्योंकि शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना भी एक सामाजिक अपराध है। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य लोगों को 20 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराने का काम किया गया।वही जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने कहा की अपने क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित बनाने और इस अभियान को सफल बनाने में शिक्षाकर्मियों के साथ-साथ सभी का भी दायित्व है जिसे हम सभी को निभाने और इस अभियान को सफल बनाने की जरूरत है ताकि हमारे क्षेत्र के कोई भी बच्चे किसी भी अभाव के कारण शिक्षा के अधिकार से वंचित ना रहे। कार्यशाला के दौरान मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामेश्वर सिंह मनोहर यादव, अशोक यादव जितेंद्र सिन्हा, सत्येंद्र कुमार सिंहब, शकील अहमद रोहित कुमार शिक्षक नंनदेव राम, विश्वनाथ राम, सुरेंद्र राम समेत काफी संख्या में शिक्षाकर्मी मौजूद थे ।

# नीति आयोग के अवार्ड मनी से स्वीकृत नयी योजनाओं से संबंधित बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नीति आयोग के अवार्ड मनी से स्वीकृत योजनाओं व नई योजनाओं से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत स्तरीय पुस्तकालय के लिए सभी पंचायत भवनों में कमरा चिन्हित करने हेतु आवश्यक निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मिलेट प्लांट के लिए भूमि चिन्हित करने का निदेश दिया गया। बीएस कॉलेज मे ई-लाईब्रेरी हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। दीदी कैफे के लिए सदर प्रखंड मुख्यालय में भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। किस्को में एक सुपर मार्ट की योजना और पेशरार में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट अधिष्ठापन पर चर्चा की गयी और आवश्यक निदेश दिये। साथ ही, अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई व निदेश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर० रामकुमार, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, संबंधित पदाधिकारीगण व संबंधित कार्यपालक अभियंता, हेमलता बजाज आदि उपस्थित थे।

# बकरीद पर्व पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर: अविनाश कुमार सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना पुलिस आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर कमर कस ली है। इधर आगामी बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसिया बाजार टांड़ व नारी नावाडीह बरवा टोली चौक में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो के आदेशानुसार एएसआई अविनाश कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर एएसआई अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि सभी समुदाय के लोग त्योहार को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार के उपलक्ष्य पर पुलिस की हर गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रहेगी। एएस आई अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी तरह का विवाद उत्पन्न किया जाता है तो वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के वाद विवाद उत्पन्न होने पर फौरन थाना को सूचित करें,अफवाह न फैलाएं और अफवाह पर ध्यान ना दे, सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाये। मौके पर समाजसेवी शमशेर अंसारी, कादिर अंसारी, साबीर अंसारी, दाऊद अंसारी, अताउल्लाह अंसारी सोमरा लकड़ा, कुंवर सिंह, बाबू खेरवार, मनोज ठाकुर, खदारना मुंडा, बुधमन उरांव सहित अन्य बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

# लोहरदगा के बिंदेश्वर बेक को मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका ने डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड अंतर्गत वकील अम्बवा के बिंदेश्वर बेक को शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत कार्य करने के लिए मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी अमेरिका ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। बिंदेश्वर बेक सेवन स्टार्स अकादेमी हेहल रांची के निदेशक है। बता दें कि वर्तमान में सेवन स्टार्स अकादमी की पांच ब्रांच चल रही है। जिसमें देश भर के दर्जनों लोगों को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 25 जून 2023 को इंडिया हैविटेट सेंटर नई दिल्ली में हुआ। जिसमें यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के साथ सीनेट के सभी सदस्य के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं इस उपाधि के लिए बिंदेश्वर बेक झारखंड से एकलौते सदस्य थे। झारखंड प्रदेश वापसी पर उन्हें जनता ने स्वागत और अभिनंदन किया।

## एनजीटी के आदेश का सख्ती से पालन करायें : डीसी

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग एप (जूम) के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ हुई। बैठक में सर्वप्रथम सहायक खनन पदाधिकारी द्वारा इस माह अवैध रूप से बालू उठाव, एनजीटी के गाईडलाईन का उल्लंघन के उपरांत की गयी कार्रवाई की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि एनजीटी द्वारा पारित आदेश के आलोक में वर्तमान में बालू उठाव बंद है। ऐसे में अगर कोई अवैध तरीके से बालू का उठाव करता हुए पाया जाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करें। एनजीटी के आदेश का सख्ती से पालन करायें। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## बकरीद में विधि व्यवस्था बनाये रखें : डीसी

लातेहार(आजाद सिपाही)। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी बकरीद पर्व में सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था संधारण हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीसी ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें रखने की आवश्यकता है। ताकि शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके।उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने कहा कि बकरीद पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को शांति समिति की बैठक करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जायेगी। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : बीडीओ



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा बकरीद पर्व को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय कुमार ने की। बीडीओ विजय कुमार ने पर्व को देखते हुए आम नागरिकों से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री व तथ्य हिन वस्तुयें पोस्ट करने से बचने की अपील की किसी तरह की अफवाह शोशल मीडिया में ना फैलाये। बैठक को पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, समाजसेवी राजकुमार साहू,रामयश पाठक, रवि कुमार डे आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में मौजूद सभी धर्म के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की प्रतिबद्धता जतायी। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, बेलाल अंसारी, नौशाद अंसारी, नरायण यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## थाना चौक में फटी पाइप को किया गया दुरुस्त



लातेहार(आजाद सिपाही)। शहर के थाना चौक के पास शहरी जलापूर्ति योजना के तहत लगाया गया पाइप फट गया था, जिसके कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ में बर्बाद हो रही थी। शहरवासियों ने इसकी सूचना नगर पंचायत के वरीय अधिकारियों के दी। जिसके बाद फटी हुई पाइप को दुरुस्त कराने का कार्य किया जा रहा है। कार्यस्थल पर मौजूद जेई संदीप कुमार बेदिया ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर फटी हुई पाइप और लीकेज की समस्या को दुरुस्त कराया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक नगर पंचायत के कर्मी लीकेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगे हुए थे।

## बॉक्साइट ट्रक मालिक यूनियन का चुनाव कराने को लेकर धीरज साहू से मिले



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा पठारी लोहरदगा ट्रक ओनरो ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू से एक आवेदन के माध्यम से कहा कि पठारी ट्रक ओनर एसोसिएशन का गत 15 वर्षों से यूनियन का चुनाव नहीं हो पाया है। जिससे अपने देखरेख में ट्रक ओनर एसोसिएशन का 15 सदस्यीय गुप्त मतदान के साथ चुनाव कराया जाये। झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से मिलकर चुनाव कराने को लेकर पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया है। यह आग्रह ट्रक ओनरों के द्वारा किया गया है। ये सभी ऑनरओं का ट्रक सेरँगदाग गुरदरी भैंसबथान और जालिम बॉक्साइट माइन्स में चलने वाले ट्रक ऑनर के द्वारा किया गया है। जिसमे संतोष प्रसाद साहू संदीप कुमार आनंद कुमार चंद्र भूषण केसरी उर्फ मंटू केसरी समय बड़ी संख्या में ट्रक ओनर जुटे हुए थे।

## स्व गोविंद साहू प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो सभागार में सोमवार को मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी और युवा सद्भावना मंच कैरो के संयुक्त तत्वधान में स्व गोविंद साहू प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छत्राओ को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है, जीवन मे सफल होने के लिए निरंतर मेहनत करते रहें, लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी। प्रधानाचार्य गणेश कुमार शास्त्री ने विद्यायल के बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहें हैं उन्होंने कहा कि हमारे छात्र छात्रायें इतनी मेहनत करे कि एक दिन इस विद्यालय से झारखंड टॉपर बने। कार्यक्रम को डॉक्टर राकेश प्रसाद, नाजिर आलम खान, कैरो उप मुखीया रवि प्रजापति, जमील अख्तर ने भी संबोधित किया। अतिथियों द्वारा प्रखंड टॉपर शिवानी कुमारी, पवन प्रजापति, अनिता कुमारी, रफत खातुन, शादियां खातुन, नईमा परवीन, आसिफ आलम, रौशनी खातुन, निकेत कुमार सोनी, प्रदेशीया उराँव, पूजा कुमारी, रौशनी कुमारी आदि को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन आजीवन संरक्षक समीद अंसारी व धयनवाद ज्ञापन सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम ने किया। मौके पर सोसाइटी के सचिव खुर्शीद अंसारी, नईम अंसारी, तबारक, सादाब, मजूल, मुस्लिम अंसारी, शकील, अख्तर अंसारी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# बिजली पहुंची ही नहीं, मिल गया हजारों रुपये का बिल



### विरोध में ग्रामीणों ने किया बिजली विभाग का घेराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के दरकाना गांव निवासी लगभग सौ ग्रामीणों ने गुमला आकर बिजली विभाग का घेराव किया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में बिजली जली ही नहीं और ग्रामीणों के नाम पर 18 से 20 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया है। कहा कि वे लोग गरीब आदिवासी परिवार के सदस्य हैं। खेती-बारी और वनोपज से अपना जीविकोपार्जन करते हैं। गांव में बिजली की जरूरत है लेकिन बल्ब नहीं जलते हैं। गांव में चार-पांच साल पहले ही पोल खंभा, ट्रांसफॉर्मर लगा है लेकिन बिजली नहीं आती है। अचानक बिजली का बिल भेज दिया। उन्होंने बिजली विभाग के पदाधिकारी और उपायुक्त से मुलाकात कर बिजली बिल माफ करने, पूरे मामले की जांच करते हुए नियमित बिजली देने ओर नियमित मासिक बिल दिए जाने आदि की मांग करने की बात कही। ग्रामीणों का नेतृत्व बाबूलाल उरांव कर रहे थे। घेराव में काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव को दी गयी जन्मदिन की बधाइ, बन गये सरकारी सीनियर सिटीजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रमेश कुमार चीनी अब सीनियर सिटीजन आयु वर्ग में प्रवेश कर गए। सोनवार को उन्होंने अपना 61वां जन्मदीन मनाया। उनके द्वारा रांची के कांके रोड स्थित कावेरी होटल में जन्मदिन मनाया गया। रमेश कुमार आज पूरे 60 साल का अपना जीवन पूरा किया। उनके साथ उनकी पत्नी, पुत्र राहुल गुप्ता, संतोष गुप्ता, हिमेश कुमार, पुत्री सपना कुमारी, सुमन कुमारी, बड़ी बहू नीतू, छोटी बहू सुरभि तथा नाती सक्षम कुमार, नतनी समाया तथा पार्को पोता-पोती सहित उपस्थित सभी ने लंबी आयु की कामना की। मित्र साथियों ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आगे और भी अच्छे कार्य की कामना की। जन्मदिन के मौके पर अकील रहमान, अमर प्रदीप कुजूर, अमृता भगत, मोहम्मद खालिद, मुरली मनोहर प्रसाद, नरेश प्रसाद, अधिवक्ता निर्मल कुमार गोयल आदि ने बधाई दी।

## डायन के आरोप में हत्या होना शासन-प्रशासन की विफलता : पुष्पा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने सिसई प्रखंड के अंतर्गत नगर चड़री टोली में हुए डायन बिसाही का आरोप लगाकर सालों देवी की निर्मम हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों पर किए गए जानलेवा हमला की निंदा की है। श्रीमती उरांव ने सिसई स्थित नगर चड़री टोली में हुई इस निंदनीय घटना के लिए शासन प्रशासन के सुस्तीपन रवैये को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि सूचना मिलते ही अगर पुलिस प्रशासन के लोग गांव पहुंच जाते तो ऐसी दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था । श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि इस घटना ने साबित किया है कि अपराधी अपराध करने में सफल रहे और पुलिस अपराध रोकने में विफल रही है। महिला मंडल सहयोग संचालन समिति ग्रामीणों से ऐसे मामले में ज्यादा संवेदनशील होने और डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से बाहर आने की बात कहते हुए कहा है कि अच्छे गांव समाज व इलाके में शांतिपूर्ण माहौल के लिए ऐसी पुरानी सोच से बाहर आना ही होगा तभी गांव-समाज विकास करेगा। श्रीमती उरांव ने 30 जून को गुमला में होने वाले कैडर कन्वेंशन में भी इस मामले को रखने की बात कही है और महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्वयं गांव-गांव में गठित महिला मंडल को जागरूक होने की भी बात कही गई है। अगर हर गांव में महिला मंडल जागरूक हो जाए तो ऐसी घटना रोकी जा सकती है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने पोढ़ोटोली कामडारा निवासी जयराम ओहदार की हत्या के आरोपी बालकिशुन सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी को 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकती है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना 12 फरवरी 2019 की है। घटना के दिन जयराम ओहदार अपने घर से कुछ दूर पर बैठ कर धूप ताप रहा था उसी दौरान गांव के ही आरोपी बाल किशुन सिंह अपने हाथ में लोहे कर रड लेकर आया और जयराम ओहदार के उपर वार कर दिया। जिससे जयराम ओहदार की मौत हो गयी। वहीं घटना के बाद मृतक के परिजनों के द्वारा हल्ला करने पर आरोपी वहां से भाग गया।

**नयी पहल :** उपायुक्त ने किया उद्घाटन, कहा : यह बड़ा संसाधन साबित होगा

# गुमला में पहले नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन

### इस नशा मुक्ति केंद्र की क्षमता 15 बेड वाली है, वर्तमान में यह तीन कमरों में संचालित किया जा रहा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**गुमला।** विश्व नशा मुक्ति दिवस पर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले का पहला नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने किया। इस नशा मुक्ति केंद्र की क्षमता 15 बेड वाली है। इसे अंचल सह प्रखंड कार्यालय गुमला के पुराने भवन में स्थापित किया गया है। वर्तमान में यह तीन कमरों में संचालित किया जा रहा है।

यह नशा मुक्ति केंद्र परामर्श कक्ष, वार्ड कक्ष और कार्यालय सहित अन्य सभी प्राथमिक सुविधाओं से परिपूर्ण है।

उपायुक्त ने नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह केंद्र नशे से प्रभावित व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा।

नशा मुक्ति केंद्र के उद्घाटन समारोह में, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीओ सदर, प्रशासक नगर परिषद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, एपीआरओ अलीना दास सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही। इस उद्घाटन समारोह में उपायुक्त ने नशा मुक्ति अभियान की जरूरत को बताया। इस दौरान उपायुक्त ने पूरे केंद्र का भ्रमण करते हुए पायी गयी कमियों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विशेष रूप से गुमला जिले में नशे की समस्या को देखते हुए इस केंद्र की स्थापना हेतु निर्देशित किया था। कहा कि यह केंद्र गुमला में विभिन्न प्रकार के नशे से प्रभावित लोगों को नशा छोड़ने और उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करेगा।

नशा मुक्ति केंद्र के उद्घाटन के साथ, उपायुक्त गुमला ने समाज में जागरूकता फैलाने और नशामुक्ति के लिए सामाजिक संगठनों, सरकारी अधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ सहयोग बढ़ाने का संकल्प भी जताया है। उपायुक्त ने इस दौरान जिले वासियों से नशीले पदार्थों के सेवन न करने की अपील की।

## एकता और अखंडता में छुपा है संगठन की कामयाबी का राज : मो. मिस्टर

### गुमला के संवेदकों के साथ खड़ा हुआ सिमडेगा संवेदक संघ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** किसी भी संगठन की कामयाबी उसकी एकता और अखंडता में छुपी हुई होती है। यहां के संवेदक अगर एकजुट हैं तो वर्तमान समस्या कोई बड़ी समस्या नहीं है। इससे बड़ी बड़ी समस्याओं से हम निजात पा सकते हैं। उक्त बातें सोमवार को रौनियार धर्मशाला में हुई गुमला जिला संवेदक संघ की बैठक के मुख्य अतिथि सिमडेगा संवेदक संघ के अध्यक्ष मो. मिस्टर ने कही।

मुख्य अतिथि एवं उनके साथियों को गुमला जिला संवेदक संघ के द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

उन्होंने गुमला जिला संवेदकों के उत्साहवर्द्धन व सर्मथन के निमित अपना विचार व्यक्त किया। संवेदकों ने वर्तमान में उत्पन्न समस्या और विभिन्न परिस्थिति पर परिचर्चा की। यह परिचर्चा सकारात्मक रही। सिमडेगा जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष मो. मिस्टर ने संवेदकों को एकजुट रहकर संगठन हित के लिए साथ रहने का अनुरोध करने के साथ-साथ कई ऐसे टिप्स भी दिए जो संवेदकों के जीवन स्तर को उठाने में सहायक हो सकते हैं।

गुमला संवेदक संघ के गुड्डू गुप्ता ने कहा कि संगठन जब एकजुट रहेगा तो हम आने वाले किसी भी विकट परिस्थिति से डटकर मुकाबला कर सकते हैं। इस बैठक में गुमला जिला के संवेदक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर बसिया में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीओ संजय पीएम कुजूर की अध्यक्षता में की गयी। उन्होंने कहा कि पर्व को आपसी भाईचारा के साथ मनायें। एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर भाईचारगी के साथ पर्व मनायें। मौके पर बीडीओ रविन्द्र गुप्ता, थाना प्रभारी छोटू उरांव, सुशील होता, कलीम अहमद, राजकुमार गुप्ता, अलीम खान, मुमताज खान, पप्पू सोनी, अभय चौधरी, जेडी नायक, यूनुस अंसारी, वसीम अख्तर, मुंतजिर खान, निकोलस मुंडा, कृष्णा साहु, पीसी बड़ाईक, जगदंबा साहू, कृष्णा कुशवाहा, अनिता देवी, मनोज साहू, संदीप दास, प्रवीण सिंह, पिंटू सिंह उपस्थित थे।

## गुमला के दो सगे मजदूर भाइयों की पंजाब में सड़क दुघर्टना में मौत

### गर्भवती पत्नी की दवा लाने निकले थे पति और देवर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला के दो सगे भाईयों की पंजाब के करतारपुर में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दोनों पिछले वर्ष से पंजाब में मजदूरी कर रहे थे। मृतकों के नाम प्रवीण ओहदार और अरविंद ओहदार हैं। इनकी उम्र क्रमशः 24 और 27 साल बताई जा रही है। पंजाब के हासन मुंडा में मजदूरी करने एक साल पूर्व गये थे। बड़े भाई अरविंद ओहदार का एक बेटा लगभग पांच साल का है और पत्नी गर्भवती है। पत्नी की तबीयत खराब थी। दवा के लिए दोनों भाई करतारपुर जा रहे थे। घटना शुक्रवार रात लगभग 12 बजे की है। इस खबर से इनके पैत्रिक गांव बसिया प्रखंड के पांथा गांव में मातम पसरा हुआ है। माता-पिता बहन एवं सगे संबंधी स्तब्ध हैं। यह भी बताया जा रहा है कि दोनों भाई एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर करतारपुर से हासन मुंडा रात लगभग 12 बजे जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर दोनों सड़क पर मोटरसाइकिल सहित गिर कर गंभीर रूप से घायल हुए जिसे स्थानीय लोगों ने उठा कर इलाज के लिए करतारपुर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। इधर पत्नी का घटना सुन कर रो रो कर बुरा हाल है। पत्नी भी पंजाब के हासन मुंडा में एक घर पर काम करती है। पारिवारिक हालात ऐसे हैं कि पत्नी बार-बार बेहोश हो रही है। इधर माता-पिता व बहन का हाल बेहाल है। पिता बहुरन ओहदार का कहना है कि हमारे दोनों बेटे काफी होनहार थे और हमारे बुढ़ापे का सहारा थे। बेटों की मौत से माता-पिता का सारी उम्मीद पर पानी फिर गया।

इधर घटना की सूचना फोन के माध्यम से मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान को दी गयी। जिस पर तत्काल पहल करते हुए मजदूरों के दाह संस्कार और परिजन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मालिक द्वारा मजदूरों के परिजन को आर्थिक सहयोग और दाह संस्कार का पूरा इंतजाम कराया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सालो देवी हत्याकांड के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नगर चडरी टोली गांव निवासी स्व. सालों देवी हत्याकांड के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर सिसई पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। जेल जाने वालों में नगर चड़रीटोली निवासी के निरंजन उरांव उर्फ रंजन (24), मनोज उरांव (25), जीशु उरांव (19), अघनु उरांव (25), भैरो उरांव (28), शनि उरांव (26), बुधु उरांव (25), संदीप उरांव(19), सुकरो देवी (52), लालमुनी देवी (20) शामिल हैं। एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सालों देवी हत्या कांड के मुख्य आरोपी निरंजन उरांव उर्फ रंजन सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। निरंजन उरांव को रविवार की रात्रि को सिसकारी गांव के एक झाड़ी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो टांगी व एक लाठी भी बरामद की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में थानेदार आदित्य कुमार चौधरी, राहुल कुमार झा, भवेश कुमार, मिनकेतन कुमार व दिवाकर मिश्रा सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## मंदिर परिसर के चापाकल में समरसेवल लगाने की उपायुक्त से गुहार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नागफेनी गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर नागफेनी जगरनाथ मंदिर स्थित चापाकल पर समरसेवल लगवाने की मांग की है। वहीं उपायुक्त को दिए आवेदन को संलग्न करते हुए ग्रामीणों ने सोमवार को एक लिखित आवेदन बीडीओ सुनीला खलखो को देकर मंदिर परिसर में समरसेवल लगवाने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि जगरनाथ मंदिर में सालों भर पूजा पाठ व वैवाहिक कार्यक्रम को लेकर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ नित्य दिन मंदिर की साफ सफाई व बागवानी की पटवन की आवश्यकता पड़ती है। इसी को देखते हुए ग्रामीणों की सहमति से चापाकल में समरसेवल लगवाया गया था। किन्तु कुछ लोगों की गलत सूचना पर बीते दिनों मंदिर परिसर में लगे समरसेवल को प्रशासन द्वारा खुलवा दिया गया है। ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं व मंदिर की सुविधा को देखते हुए मंदिर के चापाकल में समरसेवल लगवाने की मांग की है। इस बावत बीडीओ ने कहा कि प्राप्त आवेदन पर ग्रामीणों से जांच पड़ताल कर आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

## कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन की सूची प्रकाशित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वर्ष 2023-24 सत्र में वर्ग छठी से लेकर दसवीं वर्ग का नामांकन की सूची प्रकाशित कर दी गई है। सभी अभिभावकों को नामांकन 10 जुलाई तक विद्यालय में करा लेने की सूचना जारी की गयी है। इस आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय की वार्डन करुणा कुल्लू ने कहा है कि 10 जुलाई के अंदर सभी अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन करा लें। नामांकन के लिए विद्यालय परित्याग पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, छात्रा का बैंक खाता, 5 प्रति फोटो, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, माता-पिता का अधार कार्ड सहित सभी जरूरी दस्तावेज साथ में लेकर आएं।

## विकास भारती ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सूकर पालन को दे रही बढ़ावा

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर एआरवाईए परियोजना का संचालन कर रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को सूअर पालन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है और उन्हें पलायन से रोकना है। डॉ संजय कुमार ने बताया कि गुमला की जलवायु सूअर पालन के लिए काफी उपयुक्त है। मुख्य रूप से सूअर पालन में स्वाइन फीवर के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जिसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन प्रोग्राम चला रहा है। केंद्र सूकर पालन को बढ़ावा देने हेतु स्वाइन फीवर का 11 वैक्सीनेशन प्रोग्राम 27 गांव में चलाया गया। जिसके द्वारा 67 युवा किसानों के 1338 सूअर को टीकाकरण किया गया। डॉ संजय कुमार ने बताया कि केंद्र के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर सूअर पालन कर रहे कई युवा लाखों की आमदनी कर रहे हैं। डॉ विनोद कुमार (एसएमएस पशुपालन) ने बताया कि सूअर पालन काफी आसान है। बस आवश्यकता है समय-समय पर देखभाल के साथ ही साथ सूअर पालन में मुख्य रूप से स्वाइन फीवर की समस्या आती है। लेकिन अगर किसान समय पर टीकाकरण करते हैं तो इससे आसानी से निजात पाई जा सकती है। साथ ही युवाओं की आर्थिक आमदनी बढ़ाने में काफी सार्थक सिद्ध हुआ है। जिसे देखते हुए ग्रामीण युवाओं में सूअर पालन के प्रति जागरूकता के साथ ही साथ सूअर पालन में आगे आ रहे है। रौनक कुमार भगत ने बताया कि सूअर पालन काफी आसान है। इसे ग्रामीण स्तर पर आसानी से किया जा सकता है। इसीलिए ग्रामीण इलाकों में युवा इस काम को करने के लिए आगे आ रहे हैं। साथ ही साथ इस क्षेत्र में सूअर के मांस की भी मांग बढ़ी है।

**बैठक :** पीएम मोदी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाने की रणनीति तैयार

# महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में सभी की सराहनीय भूमिका रही है : जिला अध्यक्ष

### आज भोपाल से पीएम मोदी करेंगे मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं को संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



गुमला। पीएम मोदी के लाइव कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत का प्रसार प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता तक पहुंचाने की रणनीति तैयार करने को लेकर भाजपा ने सोमवार को बैठक अयोजित की। इस बैठक में गुमला जिला के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व मोर्चा के जिला अध्यक्ष उत्कल प्वाइंट पालकोट रोड गुमला में इकट्ठा हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप चन्द्र अधिकारी ने की। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में सभी मंडल अध्यक्ष व पदाधिकरियों की सराहनीय भूमिका रही है। मगंलवार यानि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10:30 बजे प्रातः बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से भोपाल से संबोधित करेंगे। जिससे पूरे देश में प्रत्येक मण्डल में भाजपा कार्यकर्ता टीवी पर देखे और सुनेंगे। साथ ही 28 जून को केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह रैना जी के गुमला आगमन पर वरिष्ठ जन को सम्मानित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता भिखारी भगत ने कहा कि संपर्क से समर्थन कार्यक्रम हेतु समय सीमा के अन्दर प्रत्येक बूथ तक सभी कार्यकर्ता को पहुंचना होगा। तभी कार्यक्रम की सफलता मानी जाएगी। आज हेमन्त सरकार की अदूरदर्शी नीति के कारण गुमला के लोग पानी, बिजली, बालू एवं अन्य कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। परन्तु यहां के विधायक एवं पदाधिकारी को कमीशनखोरी से मतलब रह गया है। जन हित से कोई सरोकर इन लोगों को नहीं है।

बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष सह महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा, गायत्री देवी, यशवंत सिंह, जिला के मंत्री जगनारायण सिंह, संजय साहू, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, चितरंजन मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, एससी मोर्चा अध्यक्ष खुशमन नायक, किसान मोर्चा अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह पिंटू, सुमित वाली, बलकेश्वर सिंह, केदार साहू, सनोज वर्मा, सरवन साहू, दिनेश सिंह, शंभू सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला मंत्री संजय साहू व जगनारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया एवं धन्यवाद् ज्ञापन नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह सिंह द्वारा किया गया।

# गुमला में जमीयतुल कुरैश पंचायत के दो गुट दावेदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जमीयतुल कुरैश (कुरैशी) पंचायत में शनिवार को एक अलग गुट तैयार हो गया है। शनिवार को बाजार टांड़ स्थित कुरैशी मुहल्ला में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें कमेटी विस्तार करते हुए सरपरस्त मो. मुस्तफा कुरैशी, नेसार अहमद कुरैशी और अताउल कुरैशी को बनाया गया। जबकि पंचायत का सदर मो. कमरुद्दीन कुरैशी, नायब सदर महफूज कुरैशी, सचिव सरफराज कुरैशी, उपसचिव मो. मोबिन कुरैशी चुने गए। वहीं कोषाध्यक्ष इकबाल कुरैशी को चुना गया। साथ ही 12 कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किए गए। इस पर महफूज कुरैशी ने कहा कि कुरैशी पंचायत दो फाड़ नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सदर राजू कुरैशी पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। वहीं नायब सदर रहे अताऊल कुरैशी इस्तीफा लेकर घूम रहे हैं। इसीलिए शनिवार को नए सिरे से पदाधिकारियों का चयन किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी सात जुलाई को पंचायत की बैठक बुलाई गई है और उक्त बैठक में बिरादरी के सभी लोगों को एक चटाई पर लाया जायेगा।

### दोनों गुट कर रहे हैं अपने को असली बताने का दावा

मौके पर मो. मुख्तार कुरैशी उर्फ कल्लू, हाजी मुस्ताक कुरैशी, मो. नसीम कुरैशी, अब्दुल तारिक और अरबाज समेत कई लोग मौजूद थे।

वहीं दूसरी तरफ अंजुमन के मान्यता प्राप्त जमीयतुल कुरैश पंचायत के सदर राजू कुरैशी और सचिव जॉय जावेद कुरैशी ने कहा कि इनकी अध्यक्षता वाली कुरैशी पंचायत को इनके आवाम का पूरा समर्थन है और इनके पंचायत का कोई भी चुनाव नहीं हुआ है। रही बात कुरैशी पंचायत के दो फाड़ होने की तो कमरुद्दीन कुरैशी और सरफराज कुरैशी के समर्थक तकरीबन बीस साल से अलग गुट बनाकर अपना शादी ब्याह अलग रजिस्टर में कर रहे हैं। राजू कुरैशी और जॉय जावेद कुरैशी ने कहा कि कमरुद्दीन कुरैशी और सरफराज कुरैशी की गुट बाजी से उनकी पंचाएत को कोई लेना-देना नहीं है और न ही कमरुद्दीन के समर्थक इनके पंचायत के मेंबर हैं। और जो पंचायत अंजुमन का मान्यता प्राप्त है वही असल पंचायत है जिसकी जानकारी कुरैशी पंचायत के आवाम को भी है।

# टीएसपीसी कमांडर शंभू सिंह, नक्सली मिथिलेश यादव और सत्येंद्र गिरफ्तार

## लेवी नहीं मिलने पर ट्रैक्टर और मोटर साइकिल में आग लगा दी थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** 16 जून को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खुटीसोत नदी के पास पूल कार्य निर्माण में हुए लेवी और आगजनी मामले का पुलिस ने किया खुलासा । पुलिस ने टीएसपीसी नक्सली एरिया कमांडर शंभू सिंह,सक्रिय सदस्य मिथलेश यादव और सतेंद्र सिंह को किया है गिरफ्तार। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा,संगठन का पर्चा किया है बरामद। आपको बता दे कि छिन्मस्तिका कम्पनी के द्वारा पुल निर्माण का कार्य कराया जा रहा था वही काम को बंद करने और लेवि की मांग गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा की गई थी। लेवी नही मिलने पर ट्रैक्टर और मोटर साइकिल में आग लगा दिया गया था और वहां पर कार्यरत मजदूर को कमरे में बंद कर दिया गया था। गिरफ्तार नक्सली वर्तमान में सबजोनल कमांडर निशांत जी एवं रवि रंजन के नेतृत्व में लेवि वसूलने और आगजनी की घटना को अंजाम देते हैं। वही एसडीपीओं सुरजीत कुमार और थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई कर घटना में सभी संलिप्त नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। आइपीएस ऋषभ गर्ग ने मामले की दी है जानकारी।

# क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' आज

## डाल्टनगंज टाउन हॉल में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**डाल्टनगंज (पलामू)।** सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा डाल्टनगंज (पलामू) जिला प्रशासन के सहयोग से 27 जून को सुबह 10 बजे से जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रेस वार्ता के जरिए पीआइबी रांची के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय एवं गौरव पुष्कर ने जिला के पत्रकारों को दी।

27 जून को होने वाले इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची अखिल कुमार मिश्रा, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अप विकास आयुक्त रवि प्रकाश, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ट अधिकारी की मौजूदगी भी रहेगी।

मीडिया और सरकार संबंधी सरोकार से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाषा (पीटीआइ) के वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित, गांडीव अखबार के संपादक अमरकांत सिंह, खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ उदय चौहान की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा जिला के गणमाम्य लोग तथा वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी रहेगी।

केंद्र सरकार के नौ वर्षों के सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जा रही इस कार्यशाला में जिन योजनाओ का लाभ आम जनों तक पहुंचा है, उसके बारे में उनके लाभुको द्वारा विचार भी रखे जायेंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाल्टनगंज की जिला सूचना जन संपर्क मीडिया ईकाई ने भी आग्रह किया कि वातार्लाप में आप सभी अवश्य पधारें।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीआईबी के ओंकार नाथ पाण्डेय ने कहा कि वातार्लाप कार्यशाला में डाल्टनगंज जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार हिस्सा लेकर इस प्रभावी बनाए और लाभ भी ले। इस कार्यक्रम में जिले में चल रही सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, पीएम आवास, आयुष्मान योजना, आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी।

पीआइबी रांची के गौरव पुष्कर ने वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को आमजनों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका पर विमर्श किया जायेगा, और इस मौके पर राजधानी के वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी भी होगी।

# विमला देवी की पहली पुण्यतिथि मनायी

## गरीब विद्यार्थियों के कल्याणार्थ सौंपी राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पितांबरपुर(पलामू)।** शिक्षाविद स्वर्गीय रमा बल्लभ तिवारी की पत्नी विमला देवी की प्रथम पुण्यतिथि सोमवार को हाई स्कूल रोड स्थित आवास पर मनाया गया। मुख्य अतिथि पेंशनर संघ के अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने गरीब विद्यार्थियों के कल्याण के लिए परिवार की ओर से उपलब्ध गये 10 हजार की राशि प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक को सौंपा। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि कहा कि उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में शिक्षा ग्रहण के दौरान गुरु मां की कृपा भी हमेशा बनी रहती थी। विशेषकर गरीब बच्चों के शुल्क माफी को लेकर वे शिक्षाविद और पति रमा बल्लभ तिवारी से हमेशा प्रयासरत रहती थी। यह उनके जीवन शैली का एक भाग था। प्लस टू हाई स्कूल लेस्लीगंज के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षाविद के रूप में स्वर्गीय रमा बल्लभ तिवारी का व्यक्तित्व के पीछे गुरु मां की कृपा हमेशा रही है। यही कारण रहा है कि वे अपने मिशन में इस विद्यालय को पहुंचा पाये। पुत्र शिक्षक सुशील तिवारी ने कहा कि मां विमला देवी का चयन शिक्षक के रूप में हुआ था लेकिन उन्होंने उसे त्याग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपने पति के साथ हाथ बढ़ाया। श्रद्धा सुमन कार्यक्रम को पेंशनर समाज के रघुनाथ राम, राम प्यारी पासवान, मोहम्मद अलीमुद्दीन अली, राजेंद्र दुबे, विजय प्रकाश, विशाल कुमार गुप्ता, दिलीप प्रसाद, अजय कुमार, सत्यदेव दुबे, तेज नाथ मिस्त्री, विक्रमादित्य दुबे, मनोज सोनी, सतीश तिवारी, अजीत तिवारी आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, लोगों ने जताया शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद:** जपला पथरा मुख्य सड़क के लंगरकोट गांव के समीप रविवार को पिकअप वाहन के टक्कर से घायल बाइक सवार विशाल कुमार सिंह (22) वर्ष की मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गयी। मृतक भैरोपुर गांव निवासी मनोज सिंह का पुत्र था। सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर हैं। वहीं परिजनों को रो-रोकर बूरा हाल है। उक्त युवक का दाहसंस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया। उसके आकस्मिक मौत पर पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल संजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, बिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, समाजसेवी रामजी राम, पप्पू सिंह, डबल सिंह, अजय कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ट नेता सैयद मशरूर अहमद, हसनैन जैदी, लल्लू सिंह, धनंजय तिवारी, लालधन ठाकुर, पूर्व जिप प्रत्याशी मिथिलेश कुमार सिंह, एनसीपी नेता योगेंद्र सिंह, चंदन कुमार सिंह, विनय पासवान समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# निगम क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाये : नवीन तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पौधे लगाने का समय अर्थात बारिश का मौसम आ गया है। डालटनगंज में और आस पास के गांव में हमलोग कहां कहां पौधे लगा सकते हैं और कैसे इनको सुरक्षित रख सकते हैं, इसके लिए वृहद स्तर पर पहल करने की जरुरत है। यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी का। श्री तिवारी ने कहा कि इस विषय को लेकर सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण नगर निगम के निर्वतमान मेयर, डिप्टी मेयर, सभी सामाजिक कार्यकर्ता तथा शहर के सक्षम गणमान्यों को आगे आकर पहल करने की आवश्यकता है, क्योंकि इसके अतिरिक्त हमारे पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। उन्होने कहा की अहो एषां वरं जन्म सर्वप्राण्युपजीवनमसुजनस्यैव येषां वै विमुखा यान्ति नार्थिनः। अर्थात इनका (पौधों)का जन्म बहुत अच्छा है क्योंकि इन्हीं के कारण सभी प्राणी जीवित हैं। जिस प्रकार किसी सज्जन के सामने से कोई याचक खाली हाथ नहीं जाते उसी प्रकार इन वृक्षों के पास से भी कोई खाली हाथ नहीं जाता। श्री तिवारी ने आम आदमी से भी पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की गर्मी में नगरनिगम कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी थी कई नये क्षेत्र ड्राई जोन में तब्दील हो गयी थी ऐसे परिस्थितियों में भी अगर हम नहीं चेतना जागृत किए तो आनेवाले दिनों में और भयावह तस्वीर सामने आयेगा। श्री तिवारी ने कहा कि सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों को साथ मिलकर वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाना चाहिए ।

# ससुराल के कमरे में फंदे से झूलता मिला युवक का शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत जपला धरहरा में सोमवार की सुबह एक युवक का शव ससुराल में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतक बिहार राज्य के गया ज़िला के शेरघाटी थाना क्षेत्र के गांव कालबन निवासी सुदर्शन चौधरी का पुत्र रंजीत चौधरी (24) बताया जाता है। लोगों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जगन्नाथ धान दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों के सहयोग से फंदे से नीचे उतारकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पत्नी पुष्पा देवी ने बतायी की रविवार की रात खाना खाकर हमलोग एक कमरा में सोए हुए थे, अचानक सुबह में नींद खुली तो देखा की वह फंदे पर झूल रहें है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जग्रनाथ धान ने बताया की मृतक के परिवार वालों को इस घटना की सूचना दे दी गयी है। अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन थाना को नहीं दी गई है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## आंगनवाड़ी सेविका पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों को शिक्षा दें: किरण कुमारी

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना के सेविकाओं की एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी व नीलम कुमारी ने आंगनवाड़ी केंद्र संचालन के बेहतर संचालन को लेकर कई दिशानिर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध करायी गयी। पुस्तक और पाठ्यक्रम के अनुसार सेविकायें बच्चों को शिक्षा दें। उन्होंने आगे कहा कि सभी सेविका अपने अपने केंद्र से सावित्री बाई फुले सुकन्या योजना का फॉर्म वर्ग 8,9,10,11 और 12 में पढ़ने वाली छात्राओं का जमा करें तथा जिन लड़कियों का जन्म 2005 में हुआ है और उनका वोटर कार्ड बन गया है उनका भी फॉर्म जमा करे ।

# बच्चों को बेहतर वातावरण दें, ताकि नियमित स्कूल जायें: डीसी

## जिला स्तरीय 'स्कूल रूआर-2023 की बैठक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीपीओ, बीपीएम, बीआरपी, सीआरपी, शिक्षकगण सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में एडीपीओ उदय कुमार सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, हरेंद्र तिवारी, बीईईओ बलराम पाठक, जीतवाहन सिंह, महेंद्र प्रजापति, रामानंद सिन्हा, शिक्षा कर्मी शादाब हुसैन, विजय कुमार शुक्ल, जावेद अंसारी व विनोद तिवारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में जिला स्तरीय 'स्कूल रूआर-2023 बैठक' का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी के साथ डीडीसी रवि आनंद, सदर एसडीओ राजेश साह, पलामू डीईओ, पलामू डीएसई, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, पांकी विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता व पाटन विधायक प्रतिनिधि अरूण दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि शिक्षा, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और 'स्कूल रूआर-2023' एक महत्त्वाकांक्षी अभियान है। इसे सामूहिक सहभागिता से सफल बनाना है। हमारे पास बेस्ट शिक्षक हैं तो परिणाम भी बेस्ट होना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक स्टेकहोल्डर्स का आह्वान करते हुए कहा कि आपके पास एक मौका है कि आप सब एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण कार्य में अपनी ईमानदार भूमिका निभायें। हम मिलकर ऐसा वातावरण बनायें कि बच्चे नियमित स्कूल जायें। उनकी बेहतर शिक्षा में कोई कोताही न हो। पीपीटी के माध्यम से एपीओ अशोक कुमार रजक ने स्कूल रूआर-2023 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर इसे 15 जुलाई 2023 तक चलाया जायेगा। सभी विधायक प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में सक्रिय सहयोग के लिए संकल्प प्रकट किया।

## स्पोर्ट्स

विमेंस क्रिकेट में सबसे तेज बॉलर्स में से एक मानी जाने वाली गोस्वामी ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी एमसीसी वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी में शामिल

## क्रिकेट के नियम बनानेवाली कमिटी में इंग्लैंड की हीथर नाइट और ओएन मोर्गन का भी नाम, लॉर्ड्स में होगी बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिग्गज भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी और इंग्लैंड के दो खिलाड़ी हीथर नाइट और पूर्व कप्तान ओएन मोर्गन एमसीसी वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी(डब्ल्यूसीसी) की लॉर्ड्स में होने वाली बैठक से पहले शामिल किये गये हैं। क्लब ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

डब्ल्यूसीसी की मीटिंग आने वाले सोमवार और मंगलवार को एशेज टेस्ट मैच के पहले होगी।

2022 में लिया था रिटायरमेंट



**क्या है एमसीसी और डब्ल्यूसीसी**

एमसीसी क्रिकेट के नियम बनाती है और समय-समय पर इसमें भी बदलाव भी करती है।



एमसीसी का मुख्यालय लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में है।

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब आज से साल 1787 में अस्तित्व में आया था। इसका हेडक्वार्टर इंग्लैंड का लॉर्ड्स मैदान में है। आइसीसी के आने से पहले एमसीसी के नियमों पर ही क्रिकेट खेला जाता था। आइसीसी आज भी एमसीसी के नियमों पर ही चलता है। एमसीसी अभी भी क्रिकेट के नियम बनाता है, लेकिन वे आइसीसी से हो कर ही गुजरते है। एमसीसी ने डब्ल्यूसीसी की स्थापना 2006 में की थी। इसमें दुनिया भर के वर्तमान और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और अंपायर शामिल हैं। खेल से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए साल में दो बार बैठक करते हुए एमसीसी और डब्ल्यूसीसी इंटरनेशनल क्रिकेट कमेटी के लिए काम करते है।

**पिछले साल गोस्वामी ने लिया था संन्यास**




विमेंस क्रिकेट में सबसे तेज बॉलरों में से एक मानी जाने वाली गोस्वामी ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, उन्होंने आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

**अप्रैल में एमसीसी ने ऑनरेरी लाइफ मेंबर बनाया था**

अप्रैल 2023 में गोस्वामी को एमसीसी ने ऑनरी लाइफ मेंबर बनाया था। गोस्वामी के डब्ल्यूसीसी में आने पर कमेटी के माइक गेटिंग ने कहा कि, मॉर्गन, गोस्वामी और नाईट के आने से हम खुश है। इस सभी प्लेयर्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना नाम बनाया है। इन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट की समझ है। इसका कमेटी को फायदा होगा।

## गौ तस्करों को खदेड़ कर गोवंश को बचाया





**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया में इन दिनों गौ तस्करी के मामले रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। सोमवार को बोरागढ़ ओपी क्षेत्र के भालगढ़ा काली मंदिर के समीप से पूर्व पार्षद के समर्थकों ने तस्करों को खदेड़ कर गौ तस्करों से गोवंश को बचाया। जिसकी सूचना बोरागढ़ पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत गोवंश को कब्जे में लेकर गौशाला के सुपुर्द कर दिया। वहीं तस्कर भागने में सफल रहे। स्थानीय युवक गौरव शर्मा, राजेश राम, मोहित कुमार, धीरज कुमार, गुड्डू कुमार, शुभम, राजेंद्र कुमार, सूरज और छोटू मिश्रा ने गौ तस्करों को जैसे ही पूछा कि कहां लेकर कहां जा रहे हो। इतने में गौ तस्करों ने युवकों से हाथापाई पर उतर आये। इसके बाद युवकों ने कॉल कर पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह को बुला लिया। पार्षद व समर्थकों को देख युवक वहां से भाग गए। इधर मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी बप्पी बाउरी गौशाला पहुंचे। भाजपा नेता बप्पी बाउरी ने कहा कि पुलिस व जिला प्रशासन की लापरवाही की वजह से झरिया में भी इन दिनों गौ तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। अगर पुलिस और प्रशासन गौ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करें तो गौ तस्करी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सकता है। पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह का कहना है कि सूचना मिलने पर पहुंचकर मामले को जाना। साथ ही पुलिस को मामले की सूचना दी। बोरागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गोवंश को कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच चल रही है। गौ तस्करों को खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बकरीद को लेकर लोयाबाद में सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में कहा गया की थाना में अपराधियों को बैठाना बंद किया जाये और सड़क जाम से निजात दिलाया जाए, लोयाबाद में वाहनों की रफ़्तार पर लगाम लगाने का मुद्दा छाया रहा। इसके अलावा बकरीद शांति पूर्वक मनाने की अपील की गयी, बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने किया, संचालन चेंबर के सचिव सुनील पाण्डे ने की। प्रभारी ने कहा कि यहां के लोग शांति प्रिय लोग है, मुझे इसका आभास हो चुका है। मेरे तरफ से पूरी स्पोर्ट रहेगा और शांति भंग करने वालो से हम निपटने के लिए काफी है। बैठक में मुस्लिम कमिटी के महामंत्री असलम मंसूरी, चेंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो, रवि चौबे, सिपाही चौहान, मनोज मुखिया, एसएस प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, महावीर पासी, नंदू सेनगुप्ता, रंजीत साहनी, प्रदीप गुप्ता, विरेन्द्र पासवान, केदार पासवान आदि लोग मौजूद थे।

## गोशाला में मिला ट्रैक्टर चालक का शव



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** गोशाला ओपी क्षेत्र स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सड़क किनारे, पुलिया से सटे नाले में सोमवार को रोहड़ाबांध बस्ती निवासी ट्रैक्टर चालक नारायण सिंह (उम्र लगभग 62 वर्ष) का शव पाया गया। गोशाला पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। नाले में गिरने से नारायण की मौत हुई होगी ऐसी आशंका जतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक गत रविवार को ड्यूटी खत्म करने के बाद घर के लिए निकला था लेकिन घर नहीं पहुंचा, और दूसरे दिन उसका शव पाया गया। मृतक का पत्नी, तीन पुत्र और दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार है।

### पूर्णिमा नीरज सिंह ने कोल इंडिया प्रमुख से मुलाकात की

# समस्याओं का समाधान जल्द करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद ।** दरभंगा हाउस, रांची स्थित सीएमडी कक्ष में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कॉल इंडिया लिमिटेड के अगले चेयरमैन पी एम प्रसाद से मुलाकात कर झरिया में बीसीसीएल के आऊटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा संचालित परियोजनाओं से होने वाले प्रदूषण से नियंत्रण, नियमित जल छिड़काव, लोदना क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं में कार्यरत मजदूरों का मजदूरी कटौती की गयी पीएफ राशि को सही समय जमा करवाने हेतु निर्देशित करने, सीएसआर मद से विकास कार्य, पिट वाटर को पीने योग्य बनाकर क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति करवाने, झरिया बलियापुर रोड के निकट डीजीएमस के गाइडलाइन का उल्लंघन कर परियोजना का कार्य संचालित कर रही कंपनी के खिलाफ कारवाई करने, इजे एरिया में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना की मनमानी से जान माल का नुकसान सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

साथ की बीसीसीएल क्षेत्र में झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ज्रेडा) को जमीन उपलब्ध कराते हुए सोलर ग्रिड लगा कर आम आदमी को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाने के संबंध में विधायक ने सीएमडी के समक्ष प्रस्ताव रखा।

साथ ही पी.एम. प्रसाद को लोक उद्यम चयन बोर्ड (ढएरइ) ने कोल इंडिया चेयरमैन के लिए प्रस्तावित किए जाने पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने बधायी दी तथा बीसीसीएल प्रबंधन क्षेत्र में विकास कार्य के लिए सकारात्मक कदम उठाने को कहा।

सीएमडी पीएम प्रसाद ने उक्त बातो को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

## आठवीं कक्षा में भी क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई कराये जाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नावाडीह।** प्रबुद्ध नागरीको के द्वारा नावाडीह प्रखंड के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा खोरठा की पढ़ाई की मांग की गयी है। इस आशय की जानकारी देते हुए खोरठा भाषा संस्कृति के जानें माने साहित्यकार सु कुमार, बासु बिहारी, घनश्याम महतो, प्रदीप कुमार दीपक, कुणाल भारती, रिंकी कुमारी, राम शरण विश्वकर्मा, नारायन महतो आदि ने एक जन आवेदन के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो से अनुरोध किया है। कहा है कि झारखण्ड अधिविध परिषद द्वारा राज्य में खोरठा सहित जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओ की पढ़ाई के लिए सिलेबस जारी की गयी हैं, परंतु नावाडीह प्रखंड में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। इच्छुक अभिभावकों और छात्र-छात्राओं द्वारा क्षेत्रीय भाषा खोरठा पढ़ने की इच्छा जाहिर करने के बाद भी उन्हें प्रखंड के मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उन्हें प्रोत्साहित नहीं करतें हैं। इसलिए जिला प्रशासन की ओर से इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अध्यापकों को निर्देश दिए जानें की मांग की हैं।

## विद्युत सब स्टेशन में अपराधियों का तांडव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के वेस्ट मोदीडीह चार नंबर विद्युत सब स्टेशन मे रविवार की रात अपराधियों ने लगभग 3 घंटे तक जम कर तांडव मचाया। रात्रि 1 बजे के करीब पहुंचे लाठी डंडे से लैश अपराधियो ने सबसे पहले चार कर्मियों को बंधक बनाया फिर 500 केवी के ट्रांसफार्मर का क्वाइल काट कर चलता बना।

रात्रि पाली में कार्यरत इलेक्ट्रिक फोरमैन ने बताया कि रात करीब एक बजे बिजली शट डाउन होने पर गेट से बाहर निकलते ही हथियार बंध अपराधी आ धमके और हथियार का भय दिखाकर मुझे व चार अन्य कर्मियों को एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिया, मोबाइल छीन लिया, उसके बाद ट्रांसफॉर्मर को काटकर उसका तेल बहा दिया, और तांम्बे का क्वाइल और पीतल के पाट्र्स पुर्जे काटकर चलता बना, जाते-जाते शोर मचाने पर बुरे परिणाम की धमकी देता गया। सुबह 3 बजे के करीब अपराधियों के चले जाने पर वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी। फिर प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया, इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी से पूछे जाने पर बताया कि करीब तीन लाख रूपए मूल्य के तांबा, पीतल के अलावा तेल ले गया, पुलिस को लिखित शिकायत दिया जा रहा है।

## बागानधौड़ा में तीन दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चिरकुंडा।** हनुमंत जी की प्राणप्रतिष्ठा के लिए भरोसा बाबा सनातन समाज के लोगों द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गयी। जिसमे क्षेत्र के सभी महिलाएं और युवतियां बराकर नदी तट से कलश में जल भरकर बागानधौड़ा लौटी और वहां हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसकी शुरूआत सोमवार की सुबह कलश यात्रा से शुरू हुई, कल नगर भ्रमण और तीसरे दिन भंडारा का कार्यक्रम होगा। जिसमें बागानधौड़ा, कुमारधुबी, मजदूर बस्ती और आसपास के हजारों क्षेत्रवासियों के साथ-साथ समाजसेवी और राजनेतिक दल के जीतने भी लोग है उनका भरपूर योगदान है। वही इस कलश यात्रा के कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र जय श्रीराम व जय हनुमान के नारों से गुंजायमान हो उठा और सभी श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, इरफान अहमद खान, जगन्नाथ सिंह, जयंतो दास, अभिमन्यु कुमार, कल्याण दास, मनीष, रजक, लक्ष्मण शर्मा, राजीव सिंह सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### वेदांता इएसएल ने झारखंड के युवाओं की जिंदगी में रौशनी फैलायी

# नाबार्ड और सीड्स के साथ साझेदारी कर प्लेसमेंट कराया

**ईएसएल प्लांट के आसपास के 27 गांवों के 32 से अधिक युवा अब सोलर पीवी इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण कर चुके है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बोकारो।** इएसएल स्किल स्कूल को एक बहु-व्यापार आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में स्थापित करने के बाद, वेदांता अब युवाओं को सोलर पीवी इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण छात्रों के लिए और सिलाई मशीन प्रशिक्षण (महिला छात्रों के लिए) प्रदान कर सक्षम बना रहा है। ये एनएसडीसी-प्रमाणित प्रशिक्षण न केवल 80% से अधिक प्लेसमेंट गारंटी प्रदान करता है, बल्कि प्रति माह 15 हजार से अधिक का न्यूनतम वेतन भी प्रदान करता है।

सोलर पीवी इंस्टॉलर के पहले बैच के समापन समारोह में, मुख्य अतिथि रवीश शर्मा (सीओओ, इएसएल) और विशिष्ट अतिथि, फिलमोन बिलुंग (डीडीएम, नाबार्ड) ने बैच और सहयोगी भागीदारों को 100% प्लेसमेंट के लिए बधायी दी। उन्होंने झारखंड को बेहतर बनाने के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए एक-दूसरे का समर्थन करने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। रवीश शर्मा (सीओओ, इएसएल), फिलमोन बिलुंग (डीडीएम, नाबार्ड), मुकेश कुमार (एजीएम, नाबार्ड), नितु कुमारी (प्रबंधक, नाबार्ड), राकेश कुमार मिश्रा (उप प्रमुख-सीएसआर, ईएसएल), संजय सिन्हा (एसोसिएट जनरल मैनेजर, ईआर एंड पीआर, ईएसएल), नीतीश शेखर (सरपंच, पूर्वी मोहाल) और निमाई रजवार (मुखिया, पश्चिम मोहाल) की उपस्तिथि में छात्रों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र और प्रस्ताव पत्र से सम्मानित किया गया। वेदांता इएसएल स्थानीय समुदायों को सक्षम और सशक्त बना कर उनके विकास और बेहतर झारखंड बनाने के दृष्टिकोण के लिए समर्पित है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL**
**URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 03/2023-24**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal HT pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 03.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 04.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 300921 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL**
**URBAN DIVISION, RANCHI**
**Very Short e-Quotation No. 08/2023-24**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of V.T. pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 03.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 04.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 300938 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal HT pump set along with 11 KV HT indoor type 630 Amp 25kA VCB with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 03.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 04.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**PR 300935 Drinking Water and Sanitation(23-24).D**

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,Ranchi**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।**
**अति–अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/06/2023–24 दिनांक–27/06/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work Of C/R And H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting Arrangement Shade And Platform Of **Fulwar Weir Scheme**. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 2562450.00 (पच्चीस लाख बासठ हजार चार सौ पचास मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 08(आठ) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 51300.00 (इक्कावन हजार तीन सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | दिनांक 28.06.2023 (05:00 बजे अपराह्न )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 05.07.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.07.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 07.07.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 300867 District(23-24)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
(लापता मीना देवी, उम्र–21 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–26/23, दि0–20/06/2023, में लापता मीना देवी, उम्र–21 वर्ष, पति–मुकेश पासवान, सा0–दुलदुलवा, पोस्ट–पेशका, थाना–मेराल, जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। जो दिनांक–20.06.2023 को समय करीब 12:00 बजे दिन में बिना बताये कही चली गयी है। जिसका काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मीना देवी, उम्र–21 वर्ष, पति–मुकेश पासवान के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– मीना देवी,
उम्र– 21 वर्ष,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– संतरा रंग का सलवार सूट, पैर में लाल रंग का हवाई चप्पल।
भाषा– हिन्दी, स्थानीय।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 300847 Police (23-24)_D

# दिगपहंडी में दो बसों की भिड़ंत 12 लोगों की मौत, आठ घायल

- शादी से घर लौट रहा था परिवार
- स्थानीय लोगों ने सड़क जाम की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर, गंजाम।** बिलंबित रात को एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गयी। गंजाम के दिगपहंडी में दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में 4 महिला, 6 पुरुष और 2 बच्चों की जान चली गयी। खेमुंडी कॉलेज चौक पर भयानक बस दुर्घटना। ओएसआरटीसी बस और निजी मिनी बस की टक्कर। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को ब्रह्मपुर एमकेसीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह जानलेवा हादसा रात को ब्रह्मपुर से शादी से को लौटने के दौरान हुआ। ओएसआरटीसी और एक निजी मिनीबस की आमने-सामने टक्कर हो गयी। मृतकों में 4 महिलाएं, 6 पुरुष और 2 बच्चे शामिल हैं। 8 गंभीर मरीजों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सानखेमुंडी ब्लॉक खंडदेऊली गांव से ब्रह्मपुर हातिबंध साही में एक लड़की की शादी में गये थे। एक सरकारी बस गुडारी से भुवनेश्वर जा रही थी। ब्रह्मपुर से शादी से लौटते समय कॉलेज के पास हादसा हो गया। मिनी बस में करीब 25 लोग सवार थे। हादसा देर रात को हुआ। मौके पर पहुंचे चिकिटी एसडीपीओ दिगपहंडी थाना प्रभारी, पाटपुर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। चिकिटी एसडीपीओ, सदर एसडीपीओ और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर स्थिति का मुआयना किया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने टायर जला कर सड़क जाम कर दी। बाद में पुलिस और स्थानीय प्रशासन घटानास्थल पर पंहुच कर लोगों को समझाकर सड़क जाम को हटवाया।





## पीएम मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया दो-दो लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओड़िशा के गंजाम जिले में भीषण बस दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया : ओड़िशा के गंजम जिले में हुई भीषण बस दुर्घटना से व्यथित हूं। अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

## सीएम नवीन पटनायक ने शोक जताया तीन-तीन लाख सहायता की घोषणा



मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गंजाम दिगपहंडी में बस दुर्घटना में कुछ लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन तीन लाख रुपये की अनुग्रह सहायता की घोषणा की गयी है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का आदेश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने वित्त मंत्री विक्रम आरुख और गंजाम डीपीसीसी के अध्यक्ष विधायक विक्रम पंडा को तुरंत घटनास्थल पर जाने और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

# श्रीमंदिर के सिंह द्वार पर चल रहा है चांदी की परत चढ़ाने का काम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर, पुरी।** जब महाप्रभु अपनी नव दिन की यात्रा पर श्रीगुंडिचा मंदिर गये, तो मंदिर के सिंह द्वार की चांदी की परत की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को सिंहद्वार के एक द्वार पर चांदी की परत का काम समापन होगा। बाहुड़ा की यात्रा से पहले सिंहद्वार के दोनों दरवाजों का चांदी की परत पूरा हो जायेगा। मुंबई से आया हुआ 500 किलो वजनी दो स्टील फ्रेम को 15 से अधिक श्रमिक श्रीमंदिर के सिंहद्वार में ले गये। इस स्टील फ्रेम का निर्माण कार्य 15 दिनों से भी कम समय में मुंबई के एक दाता चांदी की दान किया था। दाता के कारीगरों जगदीश और हसमुख द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। मूल सिंहद्वार के समान आयाम, वजन, डिजाइन और कारीगरी के साथ अबिकल सिंहद्वार की स्थापना के बाद स्टील फ्रेम स्थापित किया जा रहा है। चांदी की परत के लिए मंदिर के सिंह द्वार के सामने का क्षेत्र सील कर दिया गया है, जबकि भक्तों को जाना मना है, केवल सेवायतों ही प्रवेश कर रहे हैं। चांदी की परत के दरवाजे लगाने के दौरान सीसीटीवी कैमरे, पुलिस और मेजिस्टेड की मौजूदगी के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। बर्माटिक लकड़ी से बना स्टील फ्रेम पर चांदी की परत लगायी जा रही है। बाहुडा यात्रा से पहले सिंह द्वार चांदी की परत का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले 8 दरवाजों का चांदी की परत मंदिर के अंदर लगाया गया था, अब मंदिर का सिंह द्वार चांदी से चमकेगा। जल्द ही भक्तों को मंदिर के सिंह द्वार का नया नजारा देखने को मिलेगा। वहीं, बाहुड़ा यात्रा के दौरान मंदिर का रखरखाव, मरम्मत और नियमित कार्य पूरा किया जायेगा।

# अस्पताल परिसर या नजदीकी आहार केंद्र रविवार को खुले रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य अस्पतालों में या उसके निकट आहार केंद्र रविवार को खुले रहेंगे। इस संबंध में आवास एवं शहरी विकास विभाग ने सभी महानगर निगमों के आयुक्तों और शहर आहार समिति अध्यक्षों और जिलापाल और जिला आहार समिति अध्यक्षों को सूचित कर दिया है। इस संबंध में कदम उठाने को भी कहा गया है। गौरतलब है कि राज्य में 167 आहार केंद्र हैं। इनमें से 82 केंद्र अस्पताल परिसर में हैं। इनमें से 58 में रात्रि भोजन परोसने की सुविधा है। इन केंद्रों के माध्यम से अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजनों अथवा आटेंडाड को लाभ मिलता है। 82 केंद्र में प्रतिदिन औसतन 48,000 लोगों उपकृत होते हैं। रविवार को केंद्र बंद होने के कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से आवास और शहरी विकास विभाग के ध्यान में लाया गया था। उन सभी आहार केंद्रों को रविवार को खुले रहने का अनुरोध किया गया था। विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद आवास एवं शहरी विकास विभाग ने उन भोजन केंद्रों को रविवार को भी खुला रखने का निर्णय लिया है।

## मानसून : 25 राज्यों में दो दिन भारी बारिश का अनुमान

# हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड

- चंडीगढ़-मनाली हाइवे पर 10 किमी लंबा जाम लगा, 20 घंटे बाद खुला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मौसम विभाग (आइएमडी) ने सोमवार को बताया कि 48 घंटों में मध्यप्रदेश समेत 25 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में बारिश की वजह से मंडी जिले में पिछले 20 घंटे में लैंडस्लाइड की दूसरी घटना हुई। इस वजह से चंडीगढ़-मनाली एनएच-21 सात मील और चार मील के पास 20 घंटे बाद से बंद पड़ गया। सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंस गयीं। इस रूट पर 10 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। 20 घंटे की मशक्कत के बाद हाइवे का सिंगल लेन शुरू कर दिया गया। वहीं, उत्तराखंड में भारी बारिश से बद्रीनाथ हाइवे बह गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि खराब मौसम की वजह से केदारनाथ यात्रा रोक दी गयी है।



## खराब मौसम के चलते इंडिगो का प्लेन दो बार पाकिस्तानी एयर स्पेस में पहुंचा

खराब मौसम के चलते श्रीनगर से जम्मू के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो फ्लाइट दो बार पाकिस्तान सीमा में जा पहुंची। बाद में इस फ्लाइट की अमृतसर में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। रविवार शाम तकरीबन 3.36 बजे श्रीनगर से इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6इ2124 ने उड़ान भरी थी। 28 मिनट के बाद यह फ्लाइट खराब मौसम की वजह से कोटे जमैल के रास्ते पाकिस्तान में दाखिल हो गयी। तकरीबन 5 मिनट तक यह फ्लाइट पाक एयरस्पेस में रही और सियालकोट होते हुए जम्मू की तरफ बढ़ गयी, लेकिन यहां जम्मू में मौसम खराब होने के कारण फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी। जिसके बाद फ्लाइट ने अमृतसर का रुख किया, लेकिन 4.15 बजे के करीब यह फ्लाइट दोबारा पाक सीमा में दाखिल हो गई। जम्मू-कश्मीर के कड़ियाल कलां से दाखिल यह फ्लाइट तकरीबन 4.25 बजे के करीब अमृतसर में अजनाला के कक्कड़ गांव के करीब भारतीय सीमा में लौटी।

### इन राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, कोंकण-गोवा, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, तटीय कर्नाटक और केरल में आज और कल दो दिन भारी बारिश हो सकती है।

### 6 राज्यों में 22 लोगों की मौत

बीते दिन देशभर में हुई बारिश से 6 राज्यों में 22 लोगों की जान गयी है। हिमाचल में बाढ़ की वजह से 6 लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 घायल हुए हैं। वहीं, राजस्थान में बिजली गिरने के अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की जान गयी। मुंबई में दो इमारतों का हिस्सा गिरने से 6 लोगों की मौत हुई, जबकि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिजली के खंभे से करंट लगने से एक महिला की जान चली गयी। उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश के चलते तीन लोगों की मौत की खबर है, जबकि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हुई।

# केनरा बैंक ने डोर स्टेप्स पर ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम का किया आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जगदीश चंद्र, महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख के कुशल नेतृत्व में, केनरा बैंक भुवनेश्वर अंचल ने इस सप्ताह के अंत में ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम मनाया है। अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं के सभी केनरा बैंक कर्मचारी बैंकिंग उत्पादों और लाभों के बारे में ग्राहकों के बीच जागरूकता लाने के लिए सड़क पर ग्राहक के दरवाजे तक पहुंचे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश एमएसएमइ/कृषि, कॉरपोरेट्स, आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण के तहत हमारे उत्पादों के लिए ग्राहकों तक पहुंचना, बिल्डरों, वाहन डीलर और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचना था। ग्राहकों को बैंक की आसान शर्तों और एचएल, वीएल पर न्यूनतम RoI और विद्या तुरंत योजना के तहत कम आरओआइ के बारे में बताया गया। वसूली के उद्देश्य से एनपीए उधारकर्ताओं और संभावित एनपीए उधारकर्ताओं से भी संपर्क किया गया। इस आउटरीच कार्यक्रम को राज्य के कोने-कोने से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। ग्राहक बहुत खुश हुए और केनरा बैंक के इस आयोजन की सराहना की। यह तो सभी जानते हैं कि केनरा बैंक ने हाल ही में प्रीमियम पेरोल सैलरी अकाउंट स्कीम शुरू की है, जिसमें बैंक सैलरी अकाउंट धारक को 6 लाख तक का टर्म इंश्योरेंस दे रहा है और सभी तरह के चार्ज भी माफ कर रहा है। यह पहली बार है जब किसी बैंक ने वेतन खाताधारकों को टर्म इंश्योरेंस की पेशकश की है। इस आउटरीच कार्यक्रम में डीजीएम पी ठाकुर नाइक और डीजीएम जीएन मूर्ति ने एमएसएमइ स्टार्ट-अप और रिटेल ग्राहकों से मुलाकात की।
























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**